दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 148 | जयपुर, बुधवार, 08 मई, 2024 | वैशाख, कृष्ण पक्ष- अमावस्या, विसं 2081 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

हाई कोर्ट के ऑर्डर और डिक्री देखने के बाद की गई कार्रवाई

**सत्ता का मद** सवाई माधोपुर में 48 साल पुरानी आवंटित दुकान को तोड़ने का मामला

# मंत्री के साथ आयुक्त ने दुकान पर देखे कोर्ट के आदेश... अनदेखी कर तोड़ डाली दुकान

■ पीएम व सेंट्रल होम मिनिस्ट्री के पोर्टल व नड्डा तक पहुंची शिकायत

## ■ इस मामले में CCTV फुटेज आने के बाद आया नया मोड़

बेधड़क | जयपुर

सवाईमाधोपुर में 48 साल पुरानी आवंटित दुकान को तोड़ने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले में अब तक भी नगर परिषद कमिश्नर फतेह सिंह मीणा पर कार्रवाई नहीं होने पर लोगों में भारी रोष है। इसी बीच पूरे मामले में सीसीटीवी फुटेज आने के बाद आया नया मोड़ आया है। दरअसल, कार्रवाई करने से पहले आयुक्त ने हाई कोर्ट के ऑर्डर और डिक्री भी देखी थी। आयुक्त फतेह सिंह मीणा ने मंत्री किरोड़ी लाल मीणा की मौजूदगी में दुकान पर खड़े होकर डॉक्युमेंट्स भी देखे थे। इसके बावजूद कमिश्नर पर आखिर किसका दबाव था, जो कोर्ट के आदेशों की भी धज्जियां उड़ा दी। आयुक्त के साथ पूरे निकाय प्रशासन ने हाई कोर्ट के ऑर्डर की अवमानना की।

कार्रवाई के बाद नगर परिषद आयुक्त फतेह सिंह ने झूठ कहा था कि उन्हें कागज नहीं दिखाए। उन्होंने कहा था कि हमने कागज मांगे थे, लेकिन नहीं दिखाए गए। जबकि सीसीटीवी में आयुक्त फतेह सिंह और मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के साथ कागज देखते हुए नजर आ रहे हैं।




### यह है मामला

4 मई को सवाईमाधोपुर के बजरिया रोड स्थित नामचीन 'हवामहल पान भंडार' की दुकान को नगर परिषद ने अतिक्रमण बताते हुए बुलडोजर से तोड़ दी थी, जबकि यह दुकान वैध थी। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा के दबाव में बिना कोई नोटिस दिए की गई। कार्रवाई के बाद स्थानीय दुकानदारों में आक्रोश की देखा जा रहा है। लोग लगातार प्रथम द्दष्टया दोषी नजर आते नगर परिषद आयुक्त सिंह मीणा को बर्खास्त करने की मांग उठा रहे हैं। वहीं, यूडीएच मंत्री झाबरमल खर्रा ने दोषियों पर कार्रवाई करने की बात कही है।

### आयुक्त जवाब देने से बच रहा

इस मामले में पिछले 4 दिन से नगर परिषद आयुक्त फतेह सिंह कोई जवाब नहीं दे रहे हैं। बिना वजह दुकान तोड़ने की बात को लेकर फोन कॉल व मैसेज करके संपर्क किया तो उन्होंने जवाब देना तो दूर फोन तक रिसीव नहीं किया। हालांकि, 4 मई को फतेह सिंह द्वारा कागजात नहीं दिखाने का दिया गया बयान अब सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद झूठा साबित हो गया है।

### 48 साल पहले किराये पर आवंटित हुई थी दुकान

पड़ताल में सामने आया कि बजरिया रोड पर गोपाल लाल शर्मा को दुकान नगर पालिका की नोटिफाई एरिया कमेटी ने किराए पर दी थी। गोपाल लाल 1976 से दुकान का किराया नगर पालिका को चुका रहे हैं। इसके बाद भी अधिकारियों ने बिना किसी नोटिस व जांच पड़ताल किए बगैर दुकान में तोड़फोड़ कर दी।

### खास बातें

- आयुक्त फतेह सिंह मीणा ने मंत्री किरोड़ी लाल मीणा की मौजूदगी में देखे थे डॉक्युमेंट्स
- आखिर आयुक्त पर किसका दबाव था जो हाईकोर्ट के नियमों की धज्जियां उड़ाई
- कार्रवाई के बाद आयुक्त ने कागज दिखाने की बात से किया था इनकार
- आयुक्त का झूठ- कागज दुकानदार से मांगे, तो उसने नहीं दिखाए
- अब सीसीटीवी में साफ तौर पर कागज देखते हुए नजर आ रहे आयुक्त
- 4 मई को हाई कोर्ट आदेश के खिलाफ तोड़ी गई थी दुकान
- यूडीएच मंत्री झाबरमल खर्रा कह चुके - दोषियों पर होगी कार्रवाई

### आखिर कब होगी कार्रवाई

इस पूरे षड्यंत्र में नगर परिषद के साथ में मंत्री किरोड़ीलाल मीणा की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं। पीड़ित दुकानदार और जनता लगातार आयुक्त के खिलाफ करवाई की मांग कर रही है, लेकिन अभी तक उच्च अधिकारियों ने इस मामले में संज्ञान तक नहीं लिया है। इतना गंभीर मामला होने के बाद भी किसी को सस्पेंड नहीं किया गया। जब कि इस पूरे मामले में स्पष्ट हो रहा है कि आयुक्त फतेह सिंह ने हाई कोर्ट के आर्डर की अवमानना की है। आयुक्त पर कार्रवाई में देरी पूरे यूडीएच विभाग को संदेह के कटघरे में खड़ा कर रही है।

### PMO और गृह मंत्रालय और जेपी नड्डा तक पहुंचा मामला

इस मामले में पीड़ित परिवार ने प्रधानमंत्री कार्यालय और गृह मंत्रालय के पोर्टल पर भी विस्तार से जानकारी देते हुए शिकायत दर्ज की है। वहीं, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को भी पूरे मामले में ज्ञापन भेजा गया है।



### हाई कोर्ट ने भी किया था पालिका पर जुर्माना

पड़ताल में सामने आया कि लोक अदालत का फैसला और डिक्री आने के बाद नगर पालिका के कई अधिकारी बदले गए, लेकिन एक तत्कालीन कलेक्टर ने नगर पालिका के अधिकारियों के साथ मिलकर दुकान को हटाने के लिए लोक अदालत के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। तब हाई कोर्ट गोपाल लाल शर्मा के पक्ष में फैसला दिया और लोक अदालत में हुए राजीनामे व डिक्री को सही माना था। इसके बाद हाई कोर्ट ने तत्कालीन आयुक्त पर दो हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया था।

### डिक्री हो चुकी... फिर भी कार्रवाई

वर्ष 1980-81 में नगर पालिका के तत्कालीन अधिकारियों ने दुकान हटाने के लिए गोपाल लाल को नोटिस दिया था। तब गोपाल लाल कोर्ट से स्टे ले लिया। बाद में यह मामला लोक अदालत में चले गया तो कई सालों तक चलता रहा। इसके बाद में नगर पालिका और गोपाललाल शर्मा के बीच में कोर्ट में राजीनाम हुआ था। राजीनामा होने के बाद कोर्ट ने दुकान की डिक्री गोपाल के नाम से कर दी। कोर्ट में हुए राजीनामे के अनुसार कोर्ट ने नगर पालिका को आदेश दिए थे कि उसी स्थान पर वादी को नगर पालिका उसकी स्थान पर पक्की दुकान बनाकर देगी। तब तक वादी उसी स्थान पर और उसी किराये पर केबिन पर व्यवसाय करता रहेगा। नगर पालिका हटवाएगी नहीं। नगर पालिका चार केबिन बनाकर देगी। उसमें से प्रथम केबिन वादी (गोपाललाल शर्मा) को देगी।

---

## पाक से ड्रोन के जरिए लाई 10 करोड़ की हेरोइन जब्त

**जयपुर।** पुलिस और बीएसएफ ने पाकिस्तान से आई करीब 10 करोड़ रुपए की हेरोइन को जब्त किया है। पुलिस ने इस मामले में दो युवकों को भी गिरफ्तार किया है। बताया गया कि ड्रोन के जरिए बॉर्डर पार पाकिस्तान से तस्करी करके खेप में हेरोइन लाई गई थी। श्रीगंगानगर के एसपी गौरव यादव ने बताया कि बीती रात में संगराना गांव के मोड़ के पास 74 आरबी नहर के पुल पर संगराना की तरफ से आई एक काले रंग की कार को रोका। कार में सवार युवकों और एक किशोर से पूछताछ करने पर संतोषजनक जवाब न मिलने के बाद तलाशी ली गई तो उसमें 2 किलो हेरोइन बरामद किया गया।

**लोकसभा चुनाव का तीसरा चरण:** 11 राज्यों की 93 सीटों पर 65% वोटिंग

# EVM में कैद दिग्गजों की किस्मत

बेधड़क | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण के लिए मंगलवार को 10 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 93 सीटों पर वोटिंग हुई। तीसरे फेज की वोटिंग में 1352 उम्मीदवार मैदान में थे। इनमें 1229 पुरुष और 123 महिला कैंडिडेट शामिल थे। इस चरण में केंद्र सरकार के सात मंत्रियों की किस्मत भी ईवीएम में कैद हो गई है। इन मंत्रियों में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया, नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शामिल हैं। चुनाव आयोग की ओर से जारी अपडेट के मुताबिक शाम सात बजे तक 65 फीसदी वोटिंग हुई। सबसे ज्यादा 75% वोटिंग असम में तो सबसे कम 53% वोटिंग महाराष्ट्र में हुई। तीसरे चरण की वोटिंग के दौरान देश में कहीं से भी हिंसा की खबर नहीं है। हालांकि, पश्चिम बंगाल के मालदा में एक मतदान केंद्र पर देशी बम फेंका गया, लेकिन इसमें कोई हताहत नहीं हुई। बिहार में वोटिंग के दौरान मतदानकर्मी और एक होमगार्ड जवान की मौत हो गई, वहीं छत्तीसगढ़ में भी वोट देने पहुंचे एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। बंगाल के मुर्शिदाबाद में में बीजेपी और टीएमसी समर्थकों के बीच झड़प की खबरें सामने आईं। यूपी के संभल में पुलिस ने मतदान केंद्र के बाहर लाठीचार्ज किया, जिसमें कुछ लोग घायल हो गए।




### पीएम मोदी और शाह ने डाला वोट

तीसरे चरण में गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया और एविएशन मिनिस्टर ज्योतिरादित्य सिंधिया समेत 7 केंद्रीय मंत्रियों और 4 पूर्व मुख्यमंत्रियों की प्रतिष्ठा दांव पर है। तीसरे चरण की मतदान के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपना वोट डाला। इस दौरानउनके साथ गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे।

### अब तक 283 सीटों पर मतदान

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण मतदान के साथ देश में आधे से अधिक लोकसभा सीटों पर चुनाव संपन्न हो चुका है। देश में लोकसभा की कुल 543 सीटें हैं। पहले चरण में 102, दूसरे में 88 और तीसरे में कुल 93 लोकसभा सीटों पर वोटिंग हो चुकी है। कुल मिलाकर अब तक देश की 283 लोकसभा सीटों पर मतदान संपन्न हो चुका है। अब बाकी चार चरणों में कुल 260 लोकसभा सीटों पर मतदान होना है।

**PM ने कर्नाटक सरकार पर साधा निशाना**

# प्रज्वल जैसे व्यक्ति को बर्दाश्त नहीं किया जाए: मोदी

बेधड़क | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि प्रज्वल रेवन्ना जैसे किसी व्यक्ति को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर जनता दल (एस) सांसद को देश से बाहर जाने देने और आपत्तिजनक यौन वीडियो जारी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस मामले में कार्रवाई करने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की है, क्योंकि यह कानून-व्यवस्था का मुद्दा है।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार पीएम मोदी ने एक टीवी चैनल से बात करते हुए कहा कि हजारों वीडियो की मौजूदगी से पता चलता है कि ये उस समय के हैं, जब जदएस और कांग्रेस के बीच गठबंधन था। ये वीडियो तब एकत्र किए गए जब वे सत्ता में थे। लेकिन, इन्हें जारी तब किया गया, जब वोक्कालिगा बहुल क्षेत्र में मतदान संपन्न हो गया। घटनाक्रम को बेहद संदिग्ध बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वीडियो उनके देश से बाहर जाने के बाद जारी किए गए। अगर राज्य सरकार के पास जानकारी थी, तो उसे नजर रखनी चाहिए थी।

### 100 दिन की योजना तैयार है, कुछ बड़े फैसले लेना चाहता हूं

एएनआइ के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि उन्होंने अपने अगले कार्यकाल के लिए पहले ही 100 दिन की योजना तैयार कर ली है और वह देश के लिए कुछ 'बड़े और महत्वपूर्ण' निर्णय लेना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह नहीं चाहते कि निर्णय लेने में देरी के कारण देश को नुकसान हो और चार जून (लोकसभा चुनाव की मतगणना का दिन) के बाद एक भी दिन बर्बाद नहीं होगा। मोदी ने कहा, मैं बताना चाहता हूं कि अग्रिम योजना बनाना मेरे स्वभाव में है। यह ईश्वर प्रदत्त है। मेरा साफ्टवेयर इसी तरह डिजाइन किया गया है। मेरे पास 2014 में भी एक योजना थी और 2019 में भी। हमने जो काम किया है, अगर आप मेरा ट्रैक रिकार्ड देखेंगे, तो आपको पता चल जाएगा।

### SIT के समक्ष पेश नहीं हुए

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की हासन लोकसभा सीट से राजग उम्मीदवार प्रज्वल रेवन्ना यौन शोषण के आरोपों की जांच कर रही एसआईटी के समक्ष पेश नहीं हुए। उन्होंने सात दिनों की मोहलत मांगी थी जो मंगलवार को समाप्त हो गई लेकिन उनकी वापसी के कोई संकेत नहीं मिले हैं। प्रज्वल पर कई महिलाओं का यौन शोषण करने का आरोप है। प्रज्वल के खिलाफ भारत के सभी हवाई अड्डों पर 'ब्लू कॉर्नर' नोटिस के साथ लुकआउट नोटिस जारी किया गया है।

**कलेक्टर के बाद अब कोटकासिम SDM की ट्रैप कार्रवाई हुई फैल**

# ACB की दो ट्रैप कार्रवाई फेल होने से फिर उठे सवाल

- एसीबी की पिछले एक साल से आठ से ज्यादा ट्रैप की कार्रवाई फेल
- SDM ने 3 दलालों के मार्फत मांगी थी 12 लाख की घूस
- ट्रैप की कार्रवाई नहीं होने के बाद एसीबी ने किया केस दर्ज

बेधड़क | जयपुर

दूदू कलेक्टर का ट्रैप फेल होने के बाद एसीबी का अब कोटकासिम एसडीएम द्वारा 12.50 लाख रुपए की घूस मांगने का ट्रैप भी फेल हो गया। ट्रैप फैल होने के बाद एसीबी ने एसडीएम रामकिशोर मीणा व दलाल ज्ञानीराम बाबा, राजाराम व विक्रम के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। एसीबी ट्रैप की कार्रवाई फेल होने के बाद अब जांच के नाम पर खानापूर्ति कर रही है। पिछले सप्ताह दूदू कलेक्टर हनुमान मल ढाका ने भूमिक कंवर्जन के बदले 25 लाख रुपए की घूस मांगी थी। एसीबी ने ट्रैप करने की पूरी तैयारी कर ली थी, लेकिन ऐनवक्त पर सूचना लीक होने पर एसीबी का ट्रैप फेल हो गया। पिछले एक साल में एसीबी के 8 से ज्यादा ट्रैप की कार्रवाई फेल हो चुकी है।




### रेवेन्यू वाद का फैसला पक्ष में करने की एवज में मांगी थी 12.50 लाख की घूस


एसीबी में करीब डेढ़ माह पहले खैरथल-तिजारा कोटकासिम उपखंड मुख्यालय में रहने वाले एक परिवादी ने एसीबी में शिकायत की थी। परिवादी का आरोप था कि उसका एसडीएम कोर्ट में रेवेन्यू का वाद चल रहा है। उस मामले का फैसला पक्ष में करने की एवज में परिवादी से एसडीएम रामकिशोर मीणा ने तीन प्राइवेट लोगों के मार्फत 12.50 लाख रुपए की घूस मांगी। परिवादी की शिकायत पर डिप्टी एसपी अभिषेक पारीक के नेतृत्व में एक टीम बनाई और परिवादी की शिकायत का सत्यापन किया गया, लेकिन ट्रैप की कार्रवाई होने से पहले आरोपी रामकिशोर मीणा व दलालों ने परिवादी से घूस लेने से इंकार कर दिया।

**जांच अधिकारी किया नियुक्त**

इस मामले में अनुसंधान अधिकारी उप अधीक्षक पुलिस परमेश्वर लाल एसीबी इकाई अलवर-द्वितीय को नियुक्त किया गया। एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस रणधीर सिंह के सुपरवीजन में अधिकारी द्वारा कार्यालय उपखंड अधिकारी, कोटकासिम पर अनुसंधान कार्रवाई की गई। आरोपियों के विरुद्ध महत्वपूर्ण साक्ष्यों का संकलन किया गया।

## जरूरी खबर

### कुंभलगढ़ में पेड़ के तने में गर्दन फंसने से भालू की मौत



**बेधड़क.जयपुर।** पाली जिले के देसूरी कुंभलगढ़ वन्यजीव अभयारण्य के देसूरी, झीलवाड़ा रेंज क्षेत्र में पेड़ के वी आकर के तने में भालू की गर्दन फंस गई। इससे फांसी लगने से उसकी मौत हो गई। रेस्क्यू कर वन विभाग की टीम भालू की बॉडी देसूरी वन विभाग लेकर आई। आवश्यक जांच के बाद भालू का अंतिम संस्कार किया जाएगा। देचूरी नाल से गुजरते समय लोगों को भालू पेड़ के तने में फंसा नजर आया तो उन्होंने वन विभाग को इसकी जानकारी दी। इस पर रेंजर भैरू सिंह राठौड़ टीम मौके पर पहुंची। हालांकि तब तक भालू दम तोड़ चुका था।

### नकल माफिया तुलसाराम का गुर्गा गिरफ्तार

**बेधड़क.जयपुर।** राजस्व अधिकारी और अधिशासी अधिकारी परीक्षा में नकल के मामले में पुलिस ने नकल माफिया तुलसाराम कालेर के गुर्गे को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद नकल के कई मामलों का खुलासा होने की उम्मीद जताई जा रही है। बीकानेर पुलिस ने जोधपुर के बाप निवासी सुनील बिश्नोई को गिरफ्तार किया है। उसने तुलसाराम के साथ मिलकर भर्ती परीक्षा में सिर पर नकली बिग लगवाकर राजस्व अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी परीक्षा 2023 में नकल का प्रयास करवाया था। उस पर 25 हजार रुपए का इनाम है।

### कई खाद्य प्रतिष्ठानों पर पाई स्वच्छता की कमी



**बेधड़क.जयपुर।** मिलावट को रोकने हेतु शुरू किए गए विशेष अभियान के अंतर्गत मंगलवार को जयपुर के कई प्रतिष्ठानों एवं खाद्य निर्माता फर्म्स पर कार्रवाई की गई। मैसर्स सोढानी स्वीट्स, टोंक रोड पर निरीक्षण के दौरान स्वच्छता की कमी के साथ यहां स्टाफ की हैल्थ रिपोर्ट भी नहीं पाई गई। कमल एंड कंपनी के सामने स्थित कोटा कचोरी फर्म पर फ्राइंग तेल निम्न गुणवत्तापूर्ण मिला और यहां भी स्वच्छता में कमी पाई गई। वीटी रोड स्थित मैसर्स गोपीनाथ कचोरी से तेल का नमूना लेकर पुराने तेल व कचोरियों को नष्ट करवाया गया। यहां स्वच्छता स्तर निम्न पाए जाने पर लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू की गई। मालवीय नगर स्थित आनंद स्वीट्स खाद्य सामग्री नष्ट करवाई गई।

---

**राजस्थान हाई कोर्ट ने अरावली रिसोर्सेज और इकोसेफ इंफ्राप्रोजेक्ट की याचिकाएं की खारिज**

# राहत: प्रदेश में बजरी खदानों की नीलामी की राह हुई आसान

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर की मुख्य पीठ के फैसले के साथ ही राज्य में बजरी खदानों की नीलामी की राह प्रशस्त हो गई है। कोर्ट ने बजरी नीलामी से जुड़ी पांच याचिकाओं पर राज्य सरकार के पक्ष में फैसला दिया और चार याचिकाएं खारिज कर दीं। वहीं एक याचिका पर दिए गए स्टे आदेश को भी निरस्त कर दिया है। राज्य सरकार की तरफ से अतिरिक्त महाधिवक्ता महावीर विश्नोई ने विभाग का पक्ष रखते हुए पैरवी की। याचिकाओं को निस्तारित करने से अब इन प्लॉटों की नीलामी की राह प्रशस्त हो गई है, वहीं नए सिरे से नीलामी होने से इन क्षेत्रों में बजरी का वैध खनन हो सकेगा। इससे आमजन को उचित दर पर बजरी की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी, साथ ही बजरी के अवैध खनन पर भी लगाम कसी जा सकेगी। वहीं महंगी दरों पर बजरी खरीदने से आमजन को होने वाले नुक्सान से भी मुक्ति मिलेगी। कोर्ट की ओर से बजरी खदानों से जुड़ी याचिकाओं को खारिज करने से अवैध खनन को काफी हद तक रोका जा सकेगा।




### एक याचिका पर जारी स्टे को निरस्त किया

राज्य सरकार ने अरावली रिसोर्सेज फर्म के तीनों प्लाटों की नीलामी में हिस्सा लेते समय नियमानुसार जमा कराई गई बीड सिक्योरिटी की राशि 40-40 लाख रुपए प्रति प्लॉट नियमानुसार राजकोष में जमा कर लिए। इसी तरह से इकोसेफ इंफ्राप्रोजेक्ट की तरफ से बजरी के दो प्लाटों की नीलामी प्रक्रिया को रुकवाने के लिए वाद किया गया था, जिसमें से एक में स्टे हो गया था। उच्च न्यायालय, जोधपुर ने राज्य सरकार की कार्रवाई को सही ठहराते हुए अरावली रिसोर्सेज की तीन याचिकाओं सहित चार याचिकाओं को खारिज कर दिया। साथ ही इको इंफ्राप्रोजेक्ट की एक याचिका पर पूर्व में जारी स्टे आदेश को भी निरस्त कर दिया।

### इस बात पर हुआ विवाद

खान विभाग ने भीलवाड़ा क्षेत्र के प्लॉट नंबर 2, 5 और 6 में करीब 100 हैक्टेयर की बजरी खदानों की नीलामी प्रक्रिया शुरू की थी, जिसमें अरावली रिसोर्सेज ने अधिकतम बोली लगाई। सफल नीलामी के बाद संबंधित बोलीदाता की तरफ से 15 दिन के भीतर 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार को जमा करानी थी, लेकिन अरावली रिसोर्सेज ने 40 प्रतिशत राशि राजकोष में जमा कराने की जगह राज्य सरकार की ओर से नियमानुसार फोरफिट की गई राशि के फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय में वाद जारी कर दिया। इससे बजरी खदानों की नीलामी प्रक्रिया बाधित हो गई।

---

**सीएम भजनलाल ने तेलंगाना में BJP प्रत्याशी की जनसभा में कहा...**

# कांग्रेस ने झूठे वादे, परिवारवाद और भ्रष्टाचार ही देश को दिया

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने देश को झूठे वादे, वोटों की राजनीति, माफियाराज्, परिवारवाद और भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं दिया है। तेलंगाना में जनता कांग्रेस के कुशासन और भ्रष्टाचार से त्रस्त है।

यहां के कारोबारियों और ठेकेदारों को पीछे के दरवाजे से डबल आर टैक्स देना पड़ता है और इस टैक्स का एक बड़ा हिस्सा कालेधन के रूप में दिल्ली जा रहा है। इस टैक्स से त्रस्त जनता बीजेपी को प्रचण्ड बहुमत देने का मन बना चुकी है और नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री पद पर हैट्रिक लगाने जा रहे हैं। सीएम शर्मा मंगलवार को तेलंगाना के पैदापल्ली में बीजेपी प्रत्याशी गोमासा श्रीनिवास वो समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तेलगाना में पहले बीआरएस सरकार ने लोगों के हितों पर कुठाराघात करने का काम किया। भ्रष्टाचार का प्रतीक मर्नर नदी पर बना पुल था जो भरभरा कर गिर गया। अब कांग्रेस जनता का शोषण कर रही है।



### इंडी भ्रष्टाचारियों का गठजोड़

मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडी भ्रष्टाचारियों और परिवारवादियों का गठजोड़ है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा किए गए शराब घोटाले में बीलारएस से जुड़े लोग भी संलिप्त पाए गए है। इसी आप पार्टी के साथ कांग्रेस मिलकर चुनाव भी लड़ रही है। जब इस भ्रष्टाचारी बैंग के खिलाफ मोदी सरकार ने कार्रवाई की तो ये सभी फिर चोर चोर मोसेरे भाई बन गए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने यहा सरकार बनने के 100 दिनों के अंदर किसानी का कर्जमाफी का वादा किया था. लेकिन सरकार बने महीनों बीतने के बाद भी वो वादा पूरा नहीं हुआ है। कांग्रेस के शासन में किसान, युवा, महिला और वचित हमेशा हाशिए पर ही रहता है।

### नरेंद्र मोदी सरकार ने देशहित में लिए अभूतपूर्व फैसले

सीएम शर्मा ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसे अभूतपूर्व फैसले लिए है, जो कांग्रेस सपने में भी नहीं सोच सकती है। कश्मीर में धारा-370 को हटाना हो या अयोध्या में भगवान राम का मंदिर का निर्माण, ये केवल पीएम मोदी के नेतृत्व में ही हो सकता है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में आज भारत अर्थव्यवस्था विश्व की पाचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। 2027 तक हम विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। पीएम मोदी का एक ही मूल मंत्र है जनता जनार्दन की सेवा।

### लोकसभा चुनाव में कार्ययोजना पर हुई बैठक

तेलंगाना में भाजपा प्रदेश मीडिया, सोशल मीडिया विभाग तथा प्रवक्ता बैठक में लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त तय कार्ययोजना सहित विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर सकारात्मक चर्चा की। इस दौरान भाजपा राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व संसदीय बोर्ड कमेटी के सदस्य डा.लक्ष्मण जी, तेलंगाना प्रदेश के संगठन महामंत्री चंद्रशेखर सहित अन्य संगठन पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

---

**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का किया अभिनंदन**

# देश की तरक्की में प्रवासी राजस्थानियों का अहम योगदान: जोशी



बेधड़क | जयपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी का मंगलवार को आंध्रप्रदेश के विजयवाड़ा में उत्तर भारतीय प्रवासी संघ एवं राजस्थानी प्रवासी संघ ने समारोह आयोजित कर स्वागत और अभिनंदन किया। इस कार्यक्रम में सीपी जोशी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए और विशिष्ट अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह एवं चुनाव सह प्रभारी सिद्धार्थ नाथ सिंह उपस्थित रहे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने अभिनंदन समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान के लोग जितना अपनी जन्मभूमि से प्रेम करते हैं उससे कई गुना ज्यादा अपनी कर्मभूमि से प्रेम करते हैं। जिस स्थान पर लम्बे समय तक रहकर अपने आप को स्थापित किया, वहां की संस्कृति को अपनाकर समर्पित भाव से काम करते हैं। यही कारण है कि देश, दुनिया में राजस्थानियों ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में देश ने सभी क्षेत्रों में तरक्की की है। इसमें प्रवासी राजस्थानियों का योगदान भी अहम रहा है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने प्रवासी राजस्थानियों से आह्वान करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए आंध्रप्रदेश में एनडीए को प्रचंड बहुमत से जिताना है। उन्होंने कहा कि पिछली बार जितनी सीटें थी उससे कई गुना सीटें यहां पर आने वाली है। चाहे आंध्रा हो, तेलंगाना हो या ओडिशा हो, सब लोगों के मन में एक ही भाव है 'फिर एक बार मोदी सरकार।'

उन्होंने कहा कि ओडिशा में चुनाव प्रचार के दौरान जब में गांव ढाणियों में गया तो लोगों का कहना था कि साठ सालों में हमने सिर्फ वादे और नारे सुने थे, लेकिन पहली बार भाजपा की मोदी सरकार में हमें वो मूलभूत सुविधाएं मिली जो आजादी के इतने वर्षों में भी नहीं मिल पाई।

---

**स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों एवं अन्य बिंदुओं पर चर्चा**

## सफाई की मॉनिटरिंग के दिए निर्देश

बेधड़क | जयपुर

नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने मंगलवार को सभी जोन एवं मुख्यालय उपायुक्तों, सीएसआई, अधिशाषी अभियंताओं सहित संबंधित अधिकारियों की मैराथन बैठक लेकर स्वच्छता सर्वेक्षण-2024 की तैयारियों एवं अन्य संबंधित विषयों के संबंध में बैठक ली।



करीब 4 घंटे से अधिक चली बैठक में आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने पीपीटी के माध्यम से स्वच्छ सर्वेक्षण से जुड़े सभी पैरामीटर्स पर संबंधित अधिकारियों से बिन्दुवार चर्चा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जयपुर शहर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने के लिए डेडिकेशन के साथ कार्य करने के लिए मोटिवेट किया। आयुक्त ने सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई, आत्मनिर्भर वार्ड, कच्ची बस्तियों में शत-प्रतिशत कचरा संग्रहण, रात्रिकालीन सफाई, सिंगल यूज प्लास्टिक को जप्त करने संबंधी अभियान शुरू करने से संबंधित बिन्दुओं पर चर्चा की गई। आयुक्त ने ओपन कचरा डिपो को समाप्त करने, सभी जोन में रात्रिकालीन सफाई एवं साप्ताहिक बाजारों में शत-प्रतिशत सफाई को सुनिश्चित करने संबंधी निर्देश अधिकारियों को दिये। इसके साथ ही उन्होंने सुबह 7 से 10 बजे तक अधिकारियों को फील्ड में रहकर वार्डवाईज सफाई का सुपरविजन करने के निर्देश दिए। बैठक में ऑनलाईन सर्विसेज जैसे टेड लाईसेंस, फायर एनओसी, म्यूटेशन, सीवर संबंधित प्रकरणों, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरणों, सम्पर्क पोर्टल से संबंधित प्रकरणों पर विस्तृत चर्चा की गई।

---

**एसीएस ने ली विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा बैठक**

## समय पर पूरा हो चिकित्सा संस्थानों का निर्माण

बेधड़क | जयपुर

चिकित्सा शिक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने कहा कि प्रदेश में स्थापित किए जा रहे नए मेडिकल कॉलेजों सहित चिकित्सा शिक्षा विभाग से जुड़े अन्य निर्माण कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की गति बढ़ाने के साथ ही गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए।



सिंह मंगलवार को चिकित्सा शिक्षा निदेशालय में विभिन्न प्रोजेक्ट के तहत चल रहे सिविल कार्यों की समीक्षा कर रही थीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की दृष्टि से विभिन्न चिकित्सा संस्थानों का निर्माण, विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। अधिकारी इन कार्यों को समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने केंद्र प्रवर्तित योजना के तहत स्वीकृत मेडिकल कॉलेजों एवं राज्य मद से निर्माणाधीन चिकित्सा सुविधाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सिविल कार्यों के साथ-साथ इन चिकित्सा संस्थानों के सुचारू संचालन के लिए उपकरणों की खरीद हेतु उपापन भी समय पर किया जाए, ताकि भवन निर्माण होने के बाद चिकित्सा संस्थानों के संचालन में विलंब नहीं हो। उन्होंने उपापन संबंधी कार्यों की भी समय-समय पर समीक्षा एवं मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। श्रीमती सिंह ने कहा कि चिकित्सा संस्थानों के निर्माण एवं विस्तार के कार्य विभिन्न एजेंसियों द्वारा किए जा रहे हैं। इन कार्यकारी एजेंसियों की समितियों में चिकित्सा शिक्षा विभाग का प्रतिनिधि भी आवश्यक रूप से शामिल हो, ताकि भवनों के निर्माण के दौरान चिकित्सा की दृष्टि से तकनीकी आवश्यकताओं का ध्यान रखा जा सके। बैठक में चिकित्सा शिक्षा आयुक्त श्री इकबाल खान, आरएसआरडीसी एवं एचएससीसी नोएडा के प्रबंध निदेशक, पीडब्ल्यूडी, राजमेस, आरयूआईडीपी, अजमेर विकास प्राधिकरण व जयपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य अभियंता, एनबीसीसी दिल्ली के निदेशक, उप निदेशक राजमेस डॉ. वंदना शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

---

**अवैध निर्माण पर गरजा जेडीए का बुलडोजर**

# 13 बीघा में अवैध कॉलोनियां बसाने का प्रयास विफल

बेधड़क | जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-10 में इकोलोजिकल जोन में जेडीए स्वामित्व की करीब 5 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।



जोन-12 में निजी खातेदारी की करीब 13 बीघा कृषि भूमि पर 2 अवैध कॉलोनियां बसाने का प्रयास विफल करते हुए यहां किए गए निर्माणों को पूर्णतः ध्वस्त किया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-10 के क्षेत्राधिकार इकोलॉजिकल जोन में स्थित दिल्ली बाइपास रोड़, खोले के हनुमानजी के पास जेडीए स्वामित्व की करीब 5 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि पर अवैध रूप से पत्थर, मलवा, काटों की बाड़, झाडियां डालकर, बाउण्ड्रीवाल कर कब्जा-किए जाने की शिकायत प्राप्त होने पर बुधवार को जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से अवैध निर्माण व अतिक्रमण को हटाया गया। यह कार्रवाई प्रवर्तन अधिकारी जोन-10, 11, 3, तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा की गई।

### यहां बिना स्वीकृति किए निर्माण हटाए

जेडीए द्वारा जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बासेड़ी में करीब 3 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवाने, भूमि को समतल कर 'सर्वमंगल विहार' के नाम से अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। यहां पिछले दिनों रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रैवल सड़कें, बाउन्ड्रीवाल, व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी व मजदूरों की सहायता से अवैध निर्माण को तोड़ा गया। अतिक्रमियों से जेडीए कार्रवाई का हर्जा-खर्चा बसूला जाएगा।

### दस बीघा भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त

इसी प्रकार जोन-12 में स्थित ग्राम जयसिंहपुरा कागडोदा में करीब 10 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि में नदी नाले की भूमि को सम्मिलित करते हुए जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवाए भूमि को समतल कर 'गणपति विहार' नाम से कॉलोनी बसाई जा रही थी। यहां हाईटेंशन लाइन के नीचे ही रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, बाउंड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त हुई थी। इसके बाद प्रवर्तन दस्ते ने यहां अवैध निर्माणों को तोड़ा गया।

---

## दुखों की निवृत्ति के लिए निर्वाण लाडू चढ़ाया



**जयपुर।** जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मंदिर में दुखों की निर्वृत्ति के लिए अर्थात निर्वाण की भावना के साथ तीर्थंकर नेमिनाथ के मोक्ष कल्याण पर आचार्य शशांक सागर ससंघ के सानिध्य में निर्वाण लाडू समर्पित किया गया। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि नमिनाथ जैन धर्म के इक्कीसवें तीर्थंकर हैं।

मंदिर में प्रातः अभिषेक वृहत शान्तिधारा व पूजन के बाद निर्वाण काण्ड का वाचन किया गया तथा इसके बाद भगवान के मोक्ष कल्याण का अर्घ्य बोलते हुए निर्वाण लाडू समर्पित किया गया।

## जरूरी खबर

### हेरिटेज निगम ने अवैध निर्माण किए सीज



**जयपुर।** नगर निगम हेरिटेज ने शहर में हो रहे अवैध निर्माणों के खिलाफ निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर हवामहल आमेर जोन उपायुक्त तनुजा सोलंकी के नेतृत्व में सतर्कता शाखा ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए दो अवैध निर्माण ध्वस्तीकरण कर सीज किए। जोन उपायुक्त तनुजा सोलंकी ने बताया कि हवामहल और आमेर क्षेत्र में अवैध निर्माण करने की शिकायत मिली थी। इस पर मंगलवार को निगम दस्ते ने कार्रवाई करते हुए जलमहल के सामने न्यू इंद्रा कॉलोनी स्थित लम्बी लाट में हो रहे अवैध निर्माण को ध्वस्त कर सीज किया गया। वहीं, जनता मार्केट, सब्जी मण्डी के पास सरकारी जमीन लगाए गए टीन शेड को भी जेसीबी की सहायता से ध्वस्त कर दिया।

### गंदगी फैलाने पर वसूले 43,400 रुपए कैरिंग चार्ज

**जयपुर।** नगर निगम हेरिटेज ने सड़क पर गंदगी फैलाने वालों से 43400 रुपए कैरिंग चार्ज वसूल किया। निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर और उपायुक्त स्वास्थ्य सोहन सिंह नरूका के नेतृत्व में स्वास्थ्य शाखा की सीएसआई और वॉच राइडर ने मंगलवार को कार्रवाई की, जिसमें मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक ने 8500 रुपए, चालान प्रकोष्ठ ने 27500 और वॉच राइडर ने 7400 रुपए का चालान किया। आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि निगम के स्वच्छता प्रहरी लगातार क्षेत्र में जाकर लोगों से गंदगी नहीं फैलाने पर समझाइश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आमजन को भी जयपुर को स्वच्छ बनाने में निगम का सहयोग देना चाहिए। सड़क पर कचरा नहीं फेंकना चाहिए। सभी पॉलिथीन का उपयोग करने से बचें और कपडे एवं जूट से बने हुए थैलों का प्रयोग करें।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।


## हाई कोर्ट की डिवीजन बैंच ने 11 साल पहले लगाई गई रोक हटाई

# पृथ्वीराज नगर के लोगों को मिल सकेंगे बिजली के कनेक्शन

**बेधड़क** | जयपुर

पृथ्वीराज नगर में करीब 11 साल पहले बिजली कनेक्शन पर लगी रोक हाई कोर्ट की डिवीजन बैंच ने हटा ली है। इसके साथ ही पृथ्वीराज नगर में रहने वाले करीब 25 हजार परिवारों और दुकानदारों को बिजली कनेक्शन मिलने का रास्ता साफ हो गया है।

जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस शुभा मेहता की बैंच ने यह आदेश पृथ्वीराज नगर के निवासियों और जयपुर विद्युत वितरण निगम (जेवीवीएनएल) की अपीलों पर सुनवाई करते हुए दिया। कोर्ट ने माना कि विद्युत अधिनियम की धारा-43 के तहत किसी भी व्यक्ति को बिजली कनेक्शन से वंचित नहीं किया जा सकता है। 5 जुलाई 2013 को हाईकोर्ट की सिंगल बैंच ने पृथ्वीराज नगर में सोसायटी पट्टों पर बिजली कनेक्शन देने पर रोक लगाई थी।

फैसला आने के बाद पृथ्वीराज नगर जन विकास समिति के अध्यक्ष अनिल माथुर ने कहा कि आज हमारे लिए बहुत बड़ा दिन है। लंबी लड़ाई के बाद आज हमें जीत मिली है। हम हाईकोर्ट के फैसले के प्रति आभारी हैं। इस पूरे मामले में राज्य सरकार ने भी पृथ्वीराज नगर में सोसायटी



पट्टाधारियों, कब्जाधारियों को बिजली कनेक्शन देने पर सहमति दी थी। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 5 मई 2023 को हुई बैठक में बिजली कनेक्शन नहीं देने को विधि सम्मत नहीं माना था। वहीं, निर्णय लिया गया था कि इस सहमति पत्र को कोर्ट में सब्मिट किया जाए। अपीलकर्ताओं की ओर से पैरवी करने वाले अधिवक्ता प्रह्लाद शर्मा ने बताया कि हाईकोर्ट की एकलपीठ ने 3 नवम्बर 2023 यह कहते हुए याचिकाओं को खारिज कर दिया कि एकलपीठ ने ही बिजली कनेक्शन देने पर रोक लगाई थी। ऐसे में दूसरी एकलपीठ आदेश को नहीं बदल सकती है। इसके खिलाफ पृथ्वीराज नगर के निवासियों और जेवीवीएनएल ने हाई कोर्ट की डिवीजन बैच में अपील की थी। इस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने बिजली कनेक्शन पर लगी रोक को हटा लिया हैं।

### सफल आवंटियों की याचिकाओं पर सिंगल बेंच ने लगाई थी रोक

दरअसल, तत्कालीन राज्य सरकार ने 21 जून 2021 को पृथ्वीराज नगर का नियमन का आदेश जारी किया था। इसके खिलाफ पृथ्वीराज नगर योजना के सफल आवंटी यह कहते हुए हाईकोर्ट पहुंचे थे कि सरकार पृथ्वीराज नगर में कब्जाधारियों का नियमन करने जा रही है, लेकिन, सफल आवंटियों को प्लॉट का आवंटन नहीं कर रही है। वहीं, यह नियमन आदेश 11 बीघा जमीन को लेकर हैं। इसमें राज्यपाल की कंसर्न (सहमति) भी नहीं ली गई हैं। इस पर सुनवाई करते हुए 5 जुलाई 2013 को हाईकोर्ट ने नियमन आदेश को रद्द कर दिया। वहीं सफल आवंटियों को पट्टा देने का आदेश देते हुए पृथ्वीराज नगर में सोसायटी पट्टों और कब्जाधारियों को बिजली कनेक्शन देने पर रोक लगा दी थी। लोग अस्थाई कनेक्शन लेकर बिजली का इस्तेमाल कर रहे थे।

## मालवीय नगर इंडस्ट्रियल एरिया में सुबह-सुबह चार घंटे दहशत

# तेंदुए ने दो लोगों पर किया हमला एक के सिर में आए 36 टांके

**बेधड़क** | जयपुर

मालवीय नगर इंडस्ट्रियल एरिया में मंगलवार सुबह घुसे तेंदुए ने दो लोगों को घायल कर दिया। एक निजी कंपनी के कर्मचारी सुबल बरमन के सिर की तो चमड़ी निकल गई, उसके 36 टांके आए हैं। दूसरा झालाना सफारी का जीप चालक गणेश प्रजापत है, जिसकी पीठ और पूरे शरीर पर खरोंचे आई हैं। इस दौरान पूरे एरिए में दहशत का माहौल रहा।

सुबल बरमन (58) ने बताया कि करीब 10 बजे फैक्ट्री में काम करने के लिए घुसा था। तेंदुआ पहले से फैक्ट्री में था। जैसे ही तेंदुआ दिखा लोगों ने हल्ला करना शुरू कर दिया। इससे तेंदुआ घबरा कर इधर-उधर भागने लगा, जो फैक्ट्री में लगे सीसीटीवी में भी कैद हो गया। मैंने खुद को बचाने का बहुत प्रयास किया। इसी दौरान मेरा सामना तेंदुए से हो गया। फैक्ट्री में कई लोग मौजूद थे, लेकिन तेंदुए ने मुझ पर ही हमला किया। मेरे सिर पर पंजा मारा। इससे मेरे सिर की चमड़ी उतर गई। सिर से खून बहने लगा। इस दौरान वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। मेरे सिर पर 36 टांके लगे हैं। सुबल फिलहाल ऑब्जरवेशन में हैं।









फोटो: पंकज शर्मा

### दीवार फांदकर आया, हमला किया

तेंदुए के हमले से घायल हुए सफारी जीप चालक गणेश प्रजापत ने बताया- मैं आज सुबह सफारी कराने के बाद मुख्य गेट पर दोस्तों के साथ बैठा हुआ था। इसी दौरान सूचना मिली की तेंदुए का मूवमेंट आधा किलोमीटर दूरी पर हैं। इस पर वन विभाग की टीम मुझे अपने साथ मौके पर लेकर गई। मौके पर पहुंचते ही डॉक्टर माथुर ने ट्रैंकुलाइट करने के लिए शूट किया, लेकिन तेंदुआ बच निकला। तेंदुए ने फैक्ट्री की दीवार फांदी और सड़क पर आ गया। तेंदुए को सामने से देख कर लोगों में हड़कंप मच गया। इस पर तेंदुए ने एक कुत्ते पर झपट्टा मारा, लेकिन वह उसमें सफल नहीं हुआ। मैं पास में ही खड़ा था। इस दौरान तेंदुए ने मुझ पर हमला कर दिया। तेंदुए ने पीछे से पंजा मारा। पीठ नोंच डाली। जगह-जगह वार किए। मैं घायल हो गया। इसके बाद दोस्त कुलदीप सिंह निजी अस्पताल में लेकर गया। जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार वैक्सीन लगाकर मुझे आराम करने के लिए कहा है।



### लेपर्ड के डर से बाथरूम में बंद हुआ परिवार

मकान में एक महिला और उनके बच्चों समेत परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे। परिवार के लोगों ने अपने आप को कमरे और बाथरूम में बंद कर लिया। वन विभाग की टीम ने मकान में पहुंचकर लेपर्ड को ट्रेंकुलाइज करने का प्रयास किया। कड़ी मशक्कत के बाद लेपर्ड को रेस्क्यू कर लिया गया। वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू करने के बाद लेपर्ड को जंगल में रिलीज कर दिया। जिस मकान में लेपर्ड घुसा था, वहां रहने वाली महिला के मुताबिक घर में अचानक लेपर्ड आ गया। डर की वजह से अपने आप को बाथरूम में बंद करके जान बचाई।

### करीब 2:30 घंटे चला ऑपरेशन

डीएफओ जगदीश गुप्ता, वरिष्ठ वन्यजीव पशु चिकित्सक डॉ. अशोक तंवर, रेंज अधिकारी सुरेंद्र शर्मा और नाका प्रभारी वनपाल कृष्ण कुमार मीणा भी मौके पर पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद लेपर्ड को ट्रेंकुलाइज कर वापस झालाना जंगल में छोड़ दिया गया। डीएफओ जगदीश गुप्ता के मुताबिक मंगलवार सुबह सूचना मिली थी कि करीब 9 बजे झालाना जंगल से करीब 500 मीटर दूर एक फैक्ट्री में लेपर्ड घुस गया है। फैक्ट्री में काम कर रहे एक कर्मचारी पर लेपर्ड ने हमला करके घायल कर दिया है। सूचना पर वरिष्ठ वन्यजीव पशु चिकित्सक डॉ अशोक तंवर के नेतृत्व में वन विभाग की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। वनकमी राजेंद्र सिंह, मामराज समेत वन कर्मियों ने लेपर्ड को रेस्क्यू करने का प्रयास शुरू किया। कुछ देर तक लेपर्ड नजर नहीं आया, लेकिन फिर सर्च के दौरान पता चला कि लेपर्ड बिरला इंस्टिट्यूट से होता हुआ करीब 10 बजे मालवीय नगर के एक मकान में घुस गया है।

## फर्जी तरीके से ऑर्गन ट्रांसप्लांट मामला

# डॉ. भाटी कार्यवाहक SMS अधीक्षक, डॉ. माहेश्वरी MC प्रिंसिपल





**बेधड़क** | जयपुर

डॉ. सुशील भाटी एसएमएस अस्पताल के कार्यवाहक अधीक्षक होंगे, वहीं सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. दीपक माहेश्वरी एसएमएस मेडिकल कॉलेज के कार्यवाहक प्रिंसिपल की जिम्मेदारी संभालेंगे। फर्जी तरीके से ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए एनओसी सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल और एसएमएस हॉस्पिटल के अधीक्षक के इस्तीफा देने के बाद अब नए सिरे से इन पदों पर नियुक्ति दी है।

डॉ. दीपक माहेश्वरी वर्तमान में एसएमएस मेडिकल कॉलेज में कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट में सीनियर प्रोफेसर हैं और डॉ. सुशील भाटी एनेस्थिसिया डिपार्टमेंट के सीनियर प्रोफेसर और एचओडी हैं। दरअसल, राजस्थान में फर्जी तरीके से ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए एनओसी जारी करने के मामले में सरकार ने सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. राजीव बगरहट्टा, एसएमएस हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा और स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन (सोटो) के चेयरमैन डॉ. सुधीर भंडारी से इस्तीफे मांगे थे। इसके बाद इन डॉक्टरों ने अपने इस्तीफा भेज दिया था, जिसे सोमवार को सरकार ने मंजूर कर लिया था। फर्जी तरीके से ऑर्गन ट्रांसप्लांट मामले में चल रही जांच में इन तीनों की भूमिका संदिग्ध आ रही थी। इसके आधार पर सरकार ने इनके इस्तीफे मांगे थे।

### एसीपी क्राइम जांच अधिकारी

उधर, राज्य सरकार ने एक अधिसूचना जारी कर ह्यूमन ऑर्गन एवं टीश्यू ट्रांसप्लांट एक्ट 1994 के तहत एसीपी क्राइम को समुचित प्राधिकारी नियुक्त किया है। अधिनियम के तहत एक से अधिक समुचित प्राधिकारी नियुक्त किए जाने का प्रावधान है। डॉ. रश्मि गुप्ता पहले से ही समुचित प्राधिकारी के रूप में दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं। अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि कानूनी राय के बाद ह्यूमन ऑर्गन एवं टीश्यू ट्रांसप्लांट एक्ट 1994 के प्रावधानों के तहत एसीपी क्राइम को समुचित प्राधिकारी नियुक्त किया है।

### डॉ. भंडारी को सोटो चेयरमैन के पद से हटाया

राज्य सरकार ने मानव अंग प्रत्यारोपण के लिए फर्जी एनओसी जारी होने के प्रकरण में एक और बड़ा एक्शन लिया है। डॉ. सुधीर भंडारी को स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट आर्गनाइजेशन के सुचारू संचालन के लिए गठित स्टीयरिंग कमेटी के चेयरमैन पद से तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि इससे पहले एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. राजीव बगरहट्टा एवं अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा को पद से हटाया गया था।

## मुख्य सचिव ने यातायात व्यवस्था पर ली बैठक

# शहर की सड़कों पर निर्बाध ट्रैफिक संचालन के लिए विशेष अभियान चलाएं

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि जयपुर शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए सभी सम्बंधित विभागों को समन्वित होकर तेजी से कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि जयपुर की सड़कों पर निर्बाध व सुचारू ट्रैफिक संचालन के लिए विशेष अभियान चलाकर आमजन को जल्द राहत प्रदान करें।

पंत मंगलवार को शासन सचिवालय में जयपुर शहर की यातायात व्यवस्था के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शहर में अधिकाधिक नई सार्वजनिक पार्किंग के निर्माण के लिए कार्ययोजना बनाएं और मौजूदा सार्वजनिक पार्किंग स्थानों की पूरी उपयोगिता सुनिश्चित करें। उन्होंने मैरिज गार्डन, होटल्स, रेस्टोरेन्ट आदि की सुदृढ़ पार्किंग व्यवस्था के लिए आवश्यक कानूनी कार्रवाई अमल में लाने के लिए भी निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि यातायात नियमों के उल्लंघन पर नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही करें तथा ई-चालान व्यवस्था को नई तकनीक के माध्यम से और मजबूत करें। उन्होंने पुलिस, परिवहन, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग और नगरीय निकायों को परियोजनाओं के निर्माण में आपसी सुझावों को सम्मिलित करते हुए समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए।



### पैदल यात्रियों-साइकिल चालकों के लिए हो रास्ता

श्री पन्त ने निर्देश दिए कि पैदल यात्रियों एवं साइकिल चालकों के लिए व्यवस्थित पथ निर्माण के लिए विस्तृत परियोजना बनाई जानी चाहिए। इससे आमजन इको फ्रेंडली यातायात के लिए प्रोत्साहित होंगे साथ ही यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी सकारात्मक प्रयास होगा। मुख्य सचिव ने कहा कि हमें भविष्य की जरूरतों के अनुसार परियोजनाओं पर कार्य करने की आवश्यकता है जिससे भावी पीढ़ी को एक सुनियोजित स्मार्ट शहर में रहने का अवसर मिले। मुख्य सचिव ने ट्रैफिक पुलिस द्वारा गूगल मैप के सहयोग से दी जा रही रियल टाइम जानकारी के लिए सराहना की।

### बैठक में इन मुद्ददों पर भी चर्चा

बैठक में सड़कों पर अतिक्रमण, नए ब्रिज और अंडरपास निर्माण, ई-रिक्शा पंजीकरण, पब्लिक ट्रांसपोर्ट-सिटी बसें, बॉटल नैक स्थानों, बस टर्मिनल के निर्माण, नए ट्रैफिक मोनिटरिंग कैमरा, पुराने वाहनों का निस्तारण, स्ट्रीट लाइट्स आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू, अतिरिक्त मुख्य सचिव परिवहन श्रेया गुहा, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आनंद कुमार, सम्बंधित विभागों के प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव, जयपुर पुलिस आयुक्त, नगर निगम ग्रेटर- हेरिटेज, जयपुर विकास प्राधिकरण आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**जरूरी खबर**

### घटिया पोषाहार लेकर एडीएम से की शिकायत




**डूंगरपुर।** जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में हो रही खराब पोषाहार की सप्लाई से परेशान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता खराब पोषाहार के साथ मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंची। इस दौरान एडीएम को खराब पोषाहार दिखाया। वहीं सीएम के नाम खराब पोषाहार की सप्लाई बंद करने सहित अपनी अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मामले में एडीएम कुलराज मीणा ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने खराब पोषाहार की शिकायत की है, इसकी जांच की जाएगी। दरअसल पिछले पोषाहार ठेकेदार द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों में घटिया पोषाहार की सप्लाई की जा रही है।

### सांडों को बचाने कुएं में उतरे तीन युवकों की मौत

**शाहपुरा।** आरणी गांव में सोमवार रात कुएं में जहरीली गैस रिसाव से तीन युवकों की मौत हो गई। दरअसल वे कुएं में गिरे दो सांडों को बचाने के लिए कुएं में उतरे थे। मृतकों की पहचान शंकर (30) पुत्र हजारी माली, धनराज (22) पुत्र रामेश्वर माली, कमलेश (25) पुत्र हजारी माली के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार सोमवार देर शाम गांव दो सांड आपस में भिड़ने के बाद दोनों कुएं में गिर गए। आस-पास खड़े पांच युवक उनको बचाने के लिए कुएं में उतरे। दो युवक तो जैसे-तैसे तुरंत बाहर निकल गए, लेकिन उनके तीन साथी कुएं से निकल नहीं पाए और जहरीली गैस के कारण दम घुटने की वजह से उनकी मौत हो गई।

### हॉस्टल में आया सांप का जोड़ा, फैली दहशत



**टोंक।** जिले के निवाई में सरकारी गर्ल्स हॉस्टल में छात्राओं में उस समय दहशत फैल गई, जब उन्हें होस्टल में कोबरा सांप का जोड़ा दिखाई दिया। रात का समय था और होस्टल में 300 छात्राएं थी, ऐसे में टोंक से सांप को पकड़ने के लिए एक्सपर्ट को बुलाया गया। स्नैक रेस्क्यूअर मनोज तिवारी ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद एक सांप को पकड़ कर बाहर निकाला, लेकिन एक सांप पानी के नाले से बाहर निकलकर गया। निवाई में राजकीय एकलव्य मॉडल बालिका आवासीय विद्यालय के बालिका छात्रावास में एक साथ दो काले सांप दिखाई दिए। छात्राओं ने इसकी सूचना होस्टल वार्डन को दी।

**बाइक सवार आरोपी रंगदारी की पर्ची देकर हुए फरार,** सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

# बदमाशों ने फायरिंग कर व्यापारी से मांगी 50 लाख की रंगदारी

**बेधड़क** | झुंझुनू

प्रदेश में सरकार और प्रशासन की सख्ती के बावजूद अपराधियों के होसले बुलंद दिख रहे हैं। अपराधी बेखौफ होकर अपनी कारगुजारियों को अंजाम दे रहे हैं। मंगलवार को सीकर जिले के झुंझुनू के गुढ़ा में ऐसा ही एक मामला सामने आया, जिसमें बदमाशों ने एक व्यापारी पर रंगदारी के लिए ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी।

गनीमत रही की व्यापारी इस हमले में बाल-बाल बच गया। जानकारी के अनुसार बाइक सवार तीन बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग करते हुए रंगदारी की पर्ची देकर फरार हो गए। पर्ची में बदमाशों ने व्यापारी से 50 लाख रुपए की मांग की है और नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और कारतूस के खोल को जब्त कर लिया है। पुलिस ने बताया कि गुढ़ा कस्बे में भोड़की चौराहे पर व्यापारी जीतेंद्र की दुकान है। वह मंगलवार को अपनी दुकान पर बैठे थे। इस बीच बाइक सवार होकर तीन बदमाश आए और व्यापारी को एक पर्ची थमाई। जैसे ही वह पर्ची पढ़ने लगे, तभी बदमाशों ने दुकान के बाहर से फायरिंग कर दी।

### पर्ची में लिखा- दुनिया से आपको विदाई लेनी पड़ेगी

बदमाशों द्वारा व्यापारी को दी गई पर्ची में लिखा था, 'मैं कपिल शूटर, 50 लाख रुपए और मेरे भाइयों के साथ राजीनामा समय के साथ कर दीजिए, नहीं तो इस दुनिया से आपको विदाई लेनी पड़ेगी। आपके परिवार को दुख के दिन देखने पड़ेंगे।' रंगदारी मांगने की पर्ची के अंत में संजू भार्गव गुजरवास लिखा हुआ है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस घटनास्थल से कारतूस के खोल को जब्त कर लिया है। पुलिस ने घटना के बाद जिले में नाकाबंदी करवाई हैं।





### बदमाशों की कारगुजारी कैमरे में हुई कैद

रंगदारी मांगने आए बदमाशों ने व्यापारी को पर्ची थमाई। वह पर्ची पढ़ने लगा इसी दौरान बदमाशों ने उस पर फायरिंग शुरू कर दी। बदमाशों ने ताबड़तोड तीन फायर किए। इस दौरान गनीमत रही की व्यापारी इस हमले में बाल-बाल बच गया। फायरिंग के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। वहीं गोली चलने की आवाज से आस-पास के लोगों में दहशत फेल गई। व्यापारी पर फायरिंग करते हुए रंगदारी मांगने की यह घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज में नकाबपोश बदमाश व्यापारी पर फायरिंग करते हुए साफ दिख रहा है।

**गर्मी के तेवर तीखे:** 10-11 मई को आंधी-बारिश का अलर्ट

# प्रदेश में आग उगलने लगा सूरज बाड़मेर सबसे गर्म @ 45 डिग्री

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेशभर में गर्मी के तेवर तीखे हो गए है। मंगलवार को 45 डिग्री के साथ बाड़मेर सबसे गर्म रहा। वहीं जयपुर में भी तापमान 44.01 डिग्री दर्ज किया गया। अब इस सप्ताह हीटवेव चलने के अलर्ट के साथ मौसम विभाग का कहना है कि अब आगामी दिनों में गर्मी अपने पूरे चरम पर होगी। मौसम विभाग का कहना है कि 10-11 मई को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इससे 10 मई को उदयपुर, कोटा और जोधपुर संभाग में कहीं-कहीं आंधी-बारिश होने की संभावना है। इससे तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी होने की संभावना है।

इसी प्रकार मौसम केन्द्र जयपुर ने बुधवार अलवर, भरतपुर, दौसा, धौलपुर, झुंझुनूं, करौली के अलावा गंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, चूरू, जोधपुर, जैसलमेर, बाड़मेर में हीटवेव चलने अलर्ट जारी किया है। इससे तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी होने की संभावना है। 9 मई को भी पश्चिमी राजस्थान के गंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, चूरू, जोधपुर, जैसलमेर, बाड़मेर के अलावा कोटा, बारां, भरतपुर, धौलपुर, करौली, अलवर, झुंझुनूं, बांसवाड़ा में भी हीटवेव चलने की संभावना जताई है। प्रदेश में अधिकतम तापमान के साथ न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी हुई है। राज्य की ज्यादातर हिस्सों में न्यूनतम तापमान 25 से लेकर 31 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया है, जो सामान्य के आस-पास है। भीषण गर्मी से जनजीवन भी रहा।



फोटो: राजेश कुमावत

### ये इलाके रहे सबसे गर्म

प्रदेश में गर्मी बढ़ने के बाद बीते 24 घंटे में ज्यादातर हिस्सों में अधिकतम तापमान 41 से लेकर 45 डिग्री के आस-पास दर्ज किया गया है। मंगलवार को सबसे ज्यादा बाड़मेर में 45.02 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। जयपुर संभाग में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया। वहीं, जोधपुर और बीकानेर संभाग में अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर दर्ज किया गया है। वहीं, जैसलमेर में 44.5, गंगानगर में 44.02, जयपुर में 44.1, फलौदी में 44.0, बीकानेर में 43.6, कोटा में 43.3 और जोधपुर में 42.7 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा।

### 10 मई से सक्रिय होगा नया पश्चिमी विक्षोभ

मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार 10-11 मई को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। 10 मई को उदयपुर, कोटा और जोधपुर संभाग में कहीं-कहीं मेघगर्जन के साथ आंधी बारिश की गतिविधियां होने की संभावना है। इसके प्रभाव से 11 मई से तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने और हीटवेव से राहत मिलने की संभावना है। राज्य में कहीं-कहीं मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश गतिविधियां 12 मई तक जारी रहने की संभावना है।

### इन जिलों में तापमान 40 डिग्री के पार

प्रदेश के 22 जिले सोमवार को 40 डिग्री के तापमान को क्रॉस कर गए है। पश्चिमी राजस्थान में जहां बाड़मेर सबसे गर्म रहा, वहीं जैसलमेर, फलौदी, श्रीगंगानगर और जालौर में तापमान 42.8 डिग्री सेल्सियस रहा। इसके अलावा जोधपुर में 42.02, बीकानेर में 42.01 और चूरू में 42 डिग्री तापमान रहा। इसके अलावा हनुमानगढ़ के संगरिया में तापमान 41.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसी तरह धौलपुर और कोटा के अलावा पिलानी और वनस्थली में तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस रहा। फतेहपुर और करौली में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रहा। प्रदेश के अन्य शहरों में बारां के अटरू में 41.8, डूंगरपुर में 41.3 जयपुर और अजमेर में 41.2, अलवर 40.8 चित्तौड़गढ़ 40.6 और भीलवाड़ा में 40.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

**प्रशिक्षण के बाद पोलिंग पार्टी रवाना**

# दुधवा खुर्द गांव के पोलिंग बूथ-50 पर पुनर्मतदान आज



**बेधड़क** | बाड़मेर

बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा सीट के एक बूथ पर बुधवार को पुनर्मतदान होगा। मतदान के लिए पोलिंग पार्टी मंगलवार को बाड़मेर से रवाना हुई। इससे पहले मतदान दल को अंतिम प्रशिक्षण दिया गया। जिले के चौहटन विधानसभा क्षेत्र के दुधवा खुर्द गांव के पोलिंग बूथ-50 पर बुधवार को पुनर्मतदान करवाने को लेकर जिला निर्वाचन विभाग तैयारियों को अंतिम रूप देने लगा है।

वहीं मंगलवार को बाड़मेर शहर के नेहरू नगर स्थित रामू भाई स्कूल में मतदान दल के कार्मिकों को चुनाव प्रकिया को लेकर अंतिम प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद मतदान दल बाड़मेर से अपने गंतव्य स्थल के लिए रवाना हुआ। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत जैन समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चौहटन विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर-50 पर बुधवार को पुर्नमतदान के लिए आज पोलिंग पार्टी को प्रशिक्षण के बाद ईवीएम के साथ गंतव्य स्थल के लिए रवाना किया गया।

उन्होंने बताया कि पिछली बार लापरवाही सामने आने के बाद इस बार ज्यादा सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव 2024 के तहत इस लोकसभा क्षेत्र में दूसरे चरण के दौरान 26 अप्रैल को मतदान हुआ था। मतदान की गोपनीयता भंग होने के चलते मतदान दल के 4 सदस्यों को निलंबित करते हुए निर्वाचन आयोग ने इस बूथ पर पुर्नमतदान करने के लिए एक दिन पहले निर्देश जारी किए हैं। बूथ नंबर- 50 पर सुबह 7 से शाम 5 तक मतदान होगा।

**स्थानीय पार्षद 10-12 साथियों के** साथ की वारदात

# जमीन विवाद में पुलिसकर्मी और परिवार पर हमला, 6 लोग घायल

**बेधड़क** | अजमेर

जिले के किशनगढ़ में स्कूल की जमीन के विवाद को लेकर स्थानीय पार्षद ने अपने साथियों के साथ मिलकर पुलिसकर्मी के परिवार पर हमला कर दिया। कुल्हाड़ी और लाठी-डंडों के वार से 6 लोग घायल हो गए।

सभी को लहूलुहान हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा किशनगढ़ के मदनगंज थाना क्षेत्र में न्यू हाउसिंग बोर्ड में हुआ। घटना की जानकारी देते हुए घायल पुलिसकर्मी रूपसिंह ने बताया कि ढाणी राठौड़ान में स्कूल की जमीन पर सुबह वार्ड नं 30 का पार्षद मनीष खंगारोत जेसीबी से नींव खुदवा रहा था। उसने वहां जाकर काम को रुकवाया और फिर वहां से चला गया। इसके बाद पार्षद मनीष ने करीब 10-12 लोगों के साथ घर आकर कुल्हाड़ी और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में पुलिसकर्मी रूपसिंह उसकी पत्नी तेज कंवर, भाई बजरंग सिंह, आनंद कंवर, महेंद्र, सरोज कंवर गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को लहूलुहान हालत में किशनगढ़ के राजकीय यज्ञनारायण अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से पुलिसकर्मी रूपसिंह और उसके भाई बजरंग सिंह को गंभीर हालत में अजमेर के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय में रैफर किया गया है, वहां उनका इलाज जारी है। पीड़ित के घर के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अब मारपीट करने वाले बदमाशों की तलाश की जा रही है।



**अक्षय तृतीया के मौके पर 10 मई को होगा आयोजन**

# शोभायात्रा में जीवंत होगा परशुराम का जीवन

**बेधड़क** | दौसा

अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव 10 मई को जिला मुख्यालय पर हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसकी तैयारियों को लेकर मंगलवार को समाजबंधुओं ने जिला मुख्यालय पर बैठक का आयोजन किया। इसके साथ ही प्रेसवार्ता में पत्रकारों को आयोजन की रूप-रेखा से अवगत कराया।

पूर्व विधायक शंकरलाल शर्मा ने बताया कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह के तहत निकलने वाली शोभायात्रा में कलश यात्रा भी निकाली जाएगी। इसमें 2100 महिलाएं सिर पर मंगल कलश लेकर साथ चलेंगी। कलश यात्रा में शामिल होने वाली महिलाएं समान गणवेश में रहेगीं। साथ ही पुरुष सिर साफे पहने हुए नजर आएंगे।

शोभायात्रा में भगवान परशुराम के जीवन पर आधारित अनेक झांकियां शामिल होगी। वहीं बैंड बाजे, हाथी-घोड़े और ऊंटों का लवाजमा भी साथ रहेगा।

शोभायात्रा सोमनाथ मंदिर से सुबह 7:15 बजे रवाना होकर चाणक्य छात्रावास से रलावता रोड दौसा पहुंचेगी। यहां भगवान परशुराम की 1008 दीपों से महाआरती की जाएगी। पत्रकारों से वार्ता के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष डॉक्टर प्रभुदयाल शर्मा ने बताया कि भगवान परशुराम सभी वर्गों के आराध्य देव हैं। उन्होंने अपने जीवन में सभी वर्गों के लिए कार्य करने और परिश्रम करने का संदेश दिया है।



**कोर्ट ने एक मौका और दिया, आज फिर सुनवाई**

# अदालत में पेश नहीं हुए अक्षय कुमार व अरशद वारसी

**बेधड़क** | अजमेर

जिले में इन दिनों चल रही जॉली-एलएलबी-3 फिल्म की शूटिंग में वकीलों की छवि खराब करने को लेकर अजमेर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रभान राठौड़ ने सोमवार को सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट उत्तर अजमेर में परिवाद दायर किया था।

इसमें शूटिंग के दौरान जज और वकीलों की छवि खराब करने, नियम विरुद्ध फिल्म की शूटिंग करने और आपत्तिजनक डायलॉग को लेकर शिकायत की गई है। इस शिकायत में अक्षय कुमार, अरशद वारसी, प्रोड्यूसर सुभाष कपूर, अजमेर डीआरएम ऑफिस महाप्रबंधक राजीव धनखड़, अजमेर जिला कलेक्टर भारती दीक्षित और सिविल लाइंस एसएचओ छोटू लाल के नाम शामिल हैं। जॉली एलएलबी-3 को लेकर पेश किए परिवाद में मंगलवार को सुनवाई हुई। इसमें 6 लोगों को नोटिस जारी हुए थे। इसमें कलेक्टर भारती दीक्षित, अजमेर डीआरएम ऑफिस महाप्रबंधक धनखड़, और सिविल लाइंस थानाधिकारी छोटू लाल कोर्ट में पेश हुए, लेकिन अभिनेता अक्षय कुमार, अरशद वारसी और प्रोड्यूसर सुभाष कपूर पेश नहीं हुए। इसके बाद सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट उत्तर अजमेर शहर यश बिश्नोई ने शूटिंग एरिया में नोटिस लगाने के आदेश दिए हैं। मामले को लेकर अब बुधवार को फिर सुनवाई होगी।





### नोटिस रिसीविंग को खारिज किया

एडवोकेट विवेक पाराशर ने बताया कि जॉली-एलएलबी-3 फिल्म के मामले में जज यश बिश्नोई की कोर्ट में सुनवाई हुई। इसके लिए अभिनेता अक्षय कुमार, अरशद वारसी और फिल्म प्रोड्यूसर सहित 6 जनों को नोटिस जारी किए थे। कोर्ट की ओर से भेजे गए नोटिस को फिल्म शूटिंग के एक प्रतिनिधि राकेश जायसवाल ने रिसीव किया था। उस रिसीविंग को कोर्ट ने खारिज कर दिया। नोटिस को व्यक्तिगत ही सभी को लेना था। मंगलवार को न्यायालय ने अक्षय कुमार, अरशद वारसी और फिल्म प्रोड्यूसर को एक अवसर देते हुए दोबारा नोटिस जारी किए हैं। साथ ही डीआरएम कार्यालय और प्रताप पैलेस में नोटिस चस्पा करने के आदेश जारी किए हैं। नोटिस चस्पा होने के बुधवार को मामले में वापस सुनवाई होगी।

### नोटिस चस्पा करने पहुंचे कर्मचारियों से दुर्व्यवहार

मामले में बार एसोसिएशन अध्यक्ष चंदभान राठौड़ ने कहा कि कोर्ट में सुनवाई शुरू होते ही जज यश बिश्नोई ने नोटिस दिए थे। इसमें से डीआरएम, जिला कलेक्टर और सिविल लाइन थाना प्रभारी की ओर से वकील कोर्ट में पेश हुए और अपना पक्ष रखा। अधिवक्ता ने बताया कि जब कोर्ट की ओर से अक्षय कुमार, अरशद वारसी और फिल्म प्रोड्यूसर को नोटिस भेजे गए थे, तभी डीआरएम कार्यालय में फिल्म के प्रोडक्शन मैनेजर राहुल जायसवाल वहां मिले और उन्होंने अपने बाउंसर के साथ कोर्ट के कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार करते हुए उन्हें अंदर जाने से रोक दिया। बाद में उसने खुद को अधिकृत बताते हुए नोटिस रिसीव किया। इसके बाद डीआरएम ऑफिस में चल रही फिल्म की शूटिंग स्थल पर कोर्ट के द्वारा भेजे गए नोटिस चस्पा किए गए। इस दौरान वकीलों, वहां मौजूद बाउंसर और आरपीएफ स्टॉफ के बीच गर्म गर्मी भी हुई।

**कंटेनर पकड़ा, चालक-खलासी फरार**

# ठूंस-ठूंसकर भरे 31 गोवंश में से 9 की मौत

**बेधड़क** | धौलपुर

जिले में गोतस्करी थमने का नाम नहीं ले रही। जिले के कोलारी थाना इलाके में पुलिस ने सोमवार देर रात गोवंश से भरा ट्रक पकड़ा, जिसमें बूचड़खाने के लिए ले जाए जा रहा गोवंश भरा था।

कोलारी थाना पुलिस ने सोमवार देर रात गोवंश से भरे हुए ट्रक को पकड़ा। इसमें 31 गोवंश बरामद किए गए, जिनमें से नौ मृत थे। कार्रवाई की भनक लगते ही ट्रक चालक और खलासी अंधेरे में फरार हो गए। थाना प्रभारी भंवर सिंह ने बताया कि बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने सोमवार रात को सूचना दी थी। इसमें उन्होंने बताया कि धौलपुर जिले से गोवंश कंटेनर ट्रक में भरकर उत्तर प्रदेश बूचड़खाने में तस्करी करने के लिए ले जा रहे हैं। इस सूचना पर बसई नवाब नाका पर पुलिस ने सघन नाकाबंदी करवाई। नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने कंटेनर ट्रक को रुकवा लिया, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर चालक और खलासी खेतों में कूद कर फरार हो गए। उन्होंने बताया कि कंटेनर को जब्त कर 31 गोवंश बरामद किए गए हैं। ट्रक में गोवंश इतना ठूंस ठूंस कर भरा गया था कि इनमें से नौ गोवंश मृत अवस्था में पाए गए। शेष बचे गोवंश को बिजौली गोशाला में छोड़ दिया गया है। कंटेनर ट्रक को जब्त कर मालिक की तलाश की जा रही है।

### महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में शुरू हुआ एडमिशन का दौर, 12 मई तक हो सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

# MGGS में इस बार ऑनलाइन एडमिशन, 14 को आएगी लॉटरी

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में मंगलवार एडमिशन शुरू हो गए हैं। प्रदेशभर में संचालित 2000 से ज्यादा महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में एडमिशन के लिए अभिभावक 12 मई तक शाला दर्पण पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद 13 मई को एडमिशन के लिए प्राप्त आवेदनों की लिस्ट संबंधित स्कूल के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाएगी। बाद में 14 मई को लॉटरी के आधार पर स्टूडेंट्स को एडमिशन दिया जाएगा। वहीं हर स्कूल में भामाशाह कोटे के तहत 10 सीटों पर एडमिशन दिया जाएगा। सिलेक्ट होने वाले स्टूडेंट्स की लिस्ट को स्कूल के नोटिस बोर्ड पर 15 मई को लगाया जाएगा। इसके आधार पर पेरेंट्स अपने बच्चों के डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के साथ ही एडमिशन करा सकेंगे।

### नर्सरी की सभी सीटों पर देना होगा एडमिशन

इसके अलावा महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल जिनमें प्री-प्राइमरी कक्षाएं या बाल वाटिकाएं हैं। उनमें नर्सरीa की सभी सीटों पर एडमिशन देना होगा। जबकि दूसरी कक्षाओं में सिर्फ खाली सीटों पर ही एडमिशन होगा। हालांकि जिन स्कूलों में पिछले सत्र में कक्षा एक से पांच तक का संचालन किया जा रहा था। उनमें इस साल कक्षा छह का संचालन होगा। इसी तरह 9वीं तक की स्कूलों में इस साल 10वीं और 11वीं तक की स्कूलों में 12वीं कक्षा का संचालन होगा। इन स्कूलों में पिछली कक्षा पास करके आए स्टूडेंट्स को पहले एडमिशन मिलेगा। उसके बाद सीटें खाली रहने पर उनमें दूसरे स्टूडेंट्स को भी एडमिशन दिया जाएगा।



### बाद में जारी होगी सब्जेक्ट सेक्शन और एडमिशन गाइड लाइन

जिन स्कूलों में बीते साल 10वीं तक की कक्षाएं चल रही हैं। उनमें इस बार 11वीं कक्षा में जो सब्जेक्ट सेक्शन होंगे, उन्हीं में एडमिशन होगा। इसके लिए सब्जेक्ट सेक्शन और एडमिशन गाइड लाइन बाद में जारी की जाएगी। वहीं, इस बार महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल में क़्वालिटी एजुकेशन के लिए राइट तो एजुकेशन के मानकों के अनुरूप स्कूलों में अलग - अलग सेक्शन निर्धारित किए गए हैं। इनमें कक्षा 1 से 5वीं तक 30 स्टूडेंट प्रति सेक्शन में होंगे। कक्षा 6 से 8वीं में 35 स्टूडेंट्स होंगे, जबकि कक्षा 9 से 12वीं में 60 स्टूडेंट्स प्रति सेक्शन पढ़ सकते है।

### बना हुआ है असमंजस

दरअसल, पिछले दिनों राजस्थान के शिक्षा विभाग ने प्रदेशभर में संचालित हो रहे 2000 से ज्यादा महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों को फिर से हिंदी मीडियम में कन्वर्ट करने का पत्र वायरल हुआ था। इसमें जिला और उपखंड स्तर पर स्कूल प्रबंधन से सुझाव भी मांगे गए थे। इसके बाद जहां सरकार ने इस नई शिक्षा नीति के अनुरूप लागू करने की बात कही थी। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसको लेकर विरोध शुरू कर दिया था। इसके बाद अब महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल में एडमिशन को लेकर पेरेंट्स और स्टूडेंट्स में असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है।

### भामाशाह 10 बच्चों का करा सकेंगे एडमिशन

महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों के निर्माण में 50 लाख से ज्यादा रुपए दान देने वाले या पूरा भवन बनाकर देने वाले भामाशाह को स्कूल की हर क्लास में 2 सीटों पर एडमिशन करवाने या पूरे स्कूल में मैक्सिमम 10 सीटों पर एडमिशन करवाने का कोटा होगा। उनकी सिफारिश पर प्राथमिकता से स्टूडेंट्स को एडमिशन दिया जाएगा। इसके साथ ही जो स्कूल हिन्दी से इंग्लिश मीडियम में कन्वर्ट हुई है। उन स्कूलों में प्राथमिकता से उसी स्कूल के स्टूडेंट्स को एडमिशन दिया जाएगा। जो पहले से हिन्दी मीडियम में उसी स्कूल में पढ़ रहे हैं।

## Yuva स्टोरीज

## सरकारी स्कूल में नए क्लासरूम की रखी नींव



बेधड़क | जयपुर

उ राउंड टेबल जयपुर ज्वेलसिटी 191 और लेडीज सर्किल 117 ने बजाज नगर स्थित महात्मा गांधी सरकारी स्कूल की नई बिल्डिंग की नींव रखी और उत्तरदायित्त्व निभाया।

सीनियर क्लासेज की बिल्डिंग और टॉयलेट ब्लॉक के साथ-साथ इस स्कूल का प्ले ग्राउंड भी बनाने का प्लान है। नींव पूजन कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन गौरव गुप्ता ने बताया कि राउंड टेबल इंडिया सरकारी स्कूल्स को मजबूती प्रदान करने के लिए बहुत सारे कार्य करती आ रही है। चेयरपर्सन मेघा गुप्ता ने बताया हम सब मिलकर यहां पेयजल के लिए वाटर कूलर लगवाने वाले हैं, ताकि बच्चों को शुद्ध पानी पीने को मिल सकेगा। कार्यक्रम में हिमांशु मेंडीरत्ता, अक्षय टोशनीवाल, रोहित बावरी, भावना मेहता सहित राउंड टेबल के सदस्य मौजूद थे।

## हॉस्पिटल केयर टेकर भर्ती की एक और सूची जारी



बेधड़क | जयपुर

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से हॉस्पिटल केयर टेकर (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2022 के तहत पात्रता जांच के लिए अभ्यर्थियों की अतिरिक्त विचारित सूची जारी की गई है। इसमें टीएसपी क्षेत्र के 5 एवं नॉन टीएसपी क्षेत्र के 77 अभ्यर्थियों को पात्रता जांच के लिए अस्थाई रूप से विचारित सूची में शामिल किया गया है। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि इस परीक्षा के तहत पात्रता जांच के लिए 11 अक्टूबर 2023 को विचारित सूची जारी की गई थी। इनमें अस्थाई रूप से सम्मिलित अभ्यर्थियों के अधिक संख्या में अपात्र पाए जाने के कारण 82 अभ्यर्थियों को अस्थाई रूप से विचारित सूची में सम्मिलित किया गया है। विचारित सूची चयन या वरीयता सूची नहीं है। इसका उद्देश्य मात्र दस्तावेज सत्यापन के माध्यम से चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता सुनिश्चित करना है। अभ्यर्थियों की पात्रता जांच विज्ञापन की शर्तों/नियमों के अनुसार की जाएगी। पात्रता की समस्त शर्तें नियमानुसार पूर्ण नहीं करने वाले अभ्यर्थियों की पात्रता आयोग द्वारा रद्द कर दी जाएगी। पात्र पाए गए अभ्यर्थियों में से ही नियमानुसार मुख्य चयन सूची व आरक्षित सूची जारी की जाएगी। दस्तावेज सत्यापन का कार्य काउंसलिंग के माध्यम से किया जाएगा। इसके विस्तृत कार्यक्रम के संबंध में आयोग की वेबसाइट एवं अन्य माध्यमों से यथासमय सूचित कर दिया जाएगा।

## एशियन चैंपियनशिप कैंप में लेगी सोनिया भाग

बेधड़क | जयपुर



एशियन गेम्स में होने वाले वॉलीबॉल मैच के कैंप में जयपुर की सोनाक्षी पूनिया का चयन किया गया। सोनाक्षी को अंडर 18 महिला इंडियन वॉलीबॉल टीम के सलेक्शन कैंप शामिल किया गया है। बेंगलुरु में अंडर 18 एशियाई वॉलीबॉल चैंपियनशिप 2024 के लिए हुए सलेक्शन ट्राइल के बाद उनका कैंप (शिविर) टीम में चयन हुआ। कैंप टीम में से फाइनल टीम का सलेक्शन किया जाएगा।

### RSSB: 14 मई तक दे सकेंगे फॉर्म की एप्लीकेशन

# गलती से फॉर्म विड्रा किया तो मिला सुधारने का अवसर

■ आवेदकों को मिली राहत




बेधड़क | जयपुर

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आगामी दिनों में होने वाली 10 भर्ती परीक्षाओं में गलती से अपना फॉर्म विड्रॉ करने वाले अभ्यर्थियों को 14 मई तक एप्लीकेशन देकर अपनी गलती सुधारने का मौका दिया गया है। यह फैसला बोर्ड ने अपने पास गलती से फॉर्म विड्रा करने के मामले सामने आने के बाद लिया है। दरअसल पिछले दिनों बोर्ड ने पात्रता नहीं रखने वाले अभ्यार्थियों को 2 मई तक नाम वापस लेने का एक मौका दिया गया था, जिसमें तकरीबन 6500 अभ्यर्थियों ने फॉर्म विड्रॉ किया, लेकिन इनमें कुछ अभ्यर्थी ऐसे भी थे, जिन्होंने सही जानकारी के अभाव में फॉर्म वापस लेने का कदम उठा लिया। इसके बाद पता करने पर फॉर्म वापस के लिए बोर्ड के पास गुहार लगाई। वहीं बोर्ड ने साफ किया है कि जो फॉर्म गलत तथ्य देगा और बाद में बात सामने आने पर एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी।

### इतनों ने लिया फॉर्म वापस

इन भर्तियों में 5934 पदों पर होने वाली पशु परिचर सीधी भर्ती परीक्षा से 471 अभ्यर्थियों ने फॉर्म विड्रॉ कर लिया था। इसी तरह 176 पदों पर होने वाली पर्यवेक्षक (महिला अधिकारिता) सीधी भर्ती से 843 अभ्यर्थी, 335 पदों पर होने वाली छात्रावास अधीक्षक ग्रेड-II सीधी भर्ती-2024 (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग) से 677 अभ्यर्थी, 202 पदों पर होने वाली पर्यवेक्षक (महिला) (आंगनबाड़ी कार्यकर्ता) सीधी भर्ती-2024 से 233 अभ्यर्थी, 112 पदों पर होने वाली छात्रावास अधीक्षक सीधी भर्ती-2024 (अल्पसंख्यक मामलात विभाग) से 825 अभ्यर्थियों ने फॉर्म विड्रॉ कर लिया था। इसी प्रकार 209 पदों पर होने वाली पर्यवेक्षक (महिला) सीधी भर्ती-2024 से 153 अभ्यर्थी, 4197 पदों पर होने वाली लिपिक ग्रेड-II, कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती-2024 से 821 अभ्यर्थी, 474 पदों पर होने वाली शीघ्रलिपिक, निजी सहायक ग्रेड-II संयुक्त सीधी भर्ती-2024 से 919 अभ्यर्थी, 679 पदों पर होने वाली कनिष्ठ अनुदेशक के (4 ट्रेड) पदों की सीधी भर्ती-2024 से 551 अभ्यर्थी और 1821 पदों पर होने वाली कनिष्ठ अनुदेशक के विभिन्न व्यवसाय (16 ट्रेड) के पदों की सीधी भर्ती-2024 से 1089 अभ्यर्थियों ने अपना फॉर्म विड्रॉ कर लिया था।

### कई भर्तियों में फर्जी मामलों के बाद लिया दिया था अवसर

बीते दिनों हुई पीटीआई और तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती सहित अन्य भर्ती परीक्षा में अभ्यर्थियों की ओर से फर्जी दस्तावेज पेश कर गलत तरीके से नौकरी लेने का प्रयास किया गया था। इस तरह की घटनाओं पर नकेल कसने के लिए राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से भर्ती परीक्षा के आवेदन में फर्जी दस्तावेज लगाए जाने की स्थिति में उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई थी।

### दुबारा नहीं मिलेगा मौका

हालांकि, इनमें कुछ अभ्यर्थी ऐसे भी थे जिन्होंने गलती से अपना फॉर्म विड्रॉ कर लिया। उन्हें अब एक और मौका दिया जा रहा है। इस संबंध में बोर्ड अध्यक्ष मेजर जनरल आलोक राज ने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा कि "उन्हें पता चला है कि कुछ युवाओं ने गलती से अपना फॉर्म विड्रॉ कर दिया है। उनको एक मौका और दे रहे हैं कि वो एप्लीकेशन देकर अपनी गलती सुधार सकते हैं। 14 मई के बाद ये अवसर दोबारा नहीं मिलेगा।" उन्होंने बताया कि कर्मचारी चयन बोर्ड मंगलवार को ही इस संबंध में नोटिफिकेशन भी जारी कर देगा।

### मंत्री का पीए बनकर RSSB अध्यक्ष और सेक्रेटरी को फोन करने पर एफआईआर

आरएसएसबी अध्यक्ष आलोक राज, बोर्ड सेक्रेटरी के साथ परिवहन विभाग में एक अधिकारी को फोन करने के मामले में आरएसएसबी की तरफ से थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। मालूम हो कि बोर्ड अध्यक्ष के पास अनजान व्यक्ति ने फोन पर कहा था कि मंत्री जी चाहते हैं की हम एमवीएसआई यानी मोटर व्हीकल सब इंस्पेक्टर भर्ती से संबंधित बोर्ड की एप्लीकेशन को कोर्ट से विड्रॉल ना करें। इस पर जब बोर्ड ने अपने स्तर पर पता लगाया तो मंत्री पीएम वाला फोन फर्जी निकला। मामले की गंभीरता को देखते हुए मंगलवार को सांगानेर थाने में एफआईआर कराई गई।





## शक्ति दिवस पर बच्चों महिलाओं की स्क्रीनिंग



बेधड़क | जयपुर

सीएमएचओ द्वितीय जिले में मंगलवार को शक्ति दिवस आयोजित किया गया। इसमें बच्चों, किशोरी बालिकाओं और महिलाओं की अनिमिया की स्क्रीनिंग, हीमोग्लोबिन की जांच के साथ अनिमिया का उपचार किया गया और आयरन की टेबलेट्स का वितरण किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि राजस्थान को अनिमिया मुक्त करने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य विभागों के साथ मिलकर माह के प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस के रूप में आयोजित किया जाता है।

अभियान के तहत बच्चों, महिलाओं व किशोरियों में अनिमिया की दर कम करने के लिए उनकी अनिमिया की स्क्रीनिंग व उपचार किया जाता है। इसमें बच्चों, किशोरी बालिकाओं, विवाहित महिलाओं, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं में अनिमिया मुक्ति के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं।

## व. अ. भर्ती में 13 से 17 मई तक पात्रता जांच

**अजमेर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा-2022 के तहत जारी अतिरिक्त विचारित सूचियों में सम्मिलित अभ्यर्थियों की पात्रता जांच 13 मई 17 मई तक निर्धारित कार्यक्रमानुसार की जाएगी। इसका विस्तृत कार्यक्रम आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि आयोग द्वारा 5 फरवरी से 9 फरवरी तक आयोजित काउंसलिंग में अधिक संख्या में अभ्यर्थी अनुपस्थित रहने के कारण यह परीक्षा के अन्तर्गत विभिन्न 6 विषयों की अतिरिक्त विचारित सूचियां 22 अप्रेल से 25 अप्रेल तक जारी की गई है। इन सूचियों में सम्मिलित अभ्यर्थियों की पात्रता जांच विषयवार निर्धारित कार्यक्रमानुसार की जाएगी। सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों को काउंसलिंग के लिए आयोग वेबसाइट से विस्तृत आवेदन-पत्र एवं आवश्यक दिशा-निर्देश डाउनलोड कर विस्तृत आवेदन-पत्र (दो प्रतियों में) समस्त प्रविष्टियां पूर्ण कर संबंधित शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, जाति, मूल निवास एवं अन्य दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियां (एक प्रति में) संलग्न कर मूल दस्तावेजों के साथ निर्धारित दिनांक को आयोग कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा।

**बयान** | शिक्षक संघों ने किया स्कूलों में फोन पर प्रतिबंध लगाने के निर्णय का स्वागत

# 1 जुलाई से स्कूलों में मोबाइल नहीं ले जाएंगे शिक्षक

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) ने शिक्षा मंत्री द्वारा विद्यालयों में मोबाइल फोन के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाने के निर्णय का स्वागत किया है। मगर संगठन के प्रदेशाध्यक्ष महावीर सिहाग और महामंत्री उपेन्द्र शर्मा ने संयुक्त बयान जारी कर शिक्षा मंत्री कि इस गलत बयानी पर सख्त एतराज़ भी व्यक्त किया है कि शिक्षक विद्यालयों में शेयर मार्केट देखते रहते हैं। उन्होंने कहा कि वास्तव में मोबाइल थोपे गए गैर शैक्षिक कार्यों का वाहक बना हुआ है। गैर शैक्षिक कार्यों से मुक्ति अभियान के क्रम में पहले ही राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) ने निर्णय कर लिया था और इसका सार्वजनिक ऐलान भी कर दिया है कि 1 जुलाई से राजस्थान के शिक्षक विद्यालयों में एंड्रॉयड फोन का इस्तेमाल नहीं करेंगे। सभाध्यक्ष याकूब खान और संघर्ष समिति संयोजक पोखर मल ने कहा कि शिक्षामंत्री के विद्यालयों में मोबाइल प्रतिबंध करने के ऐलान से शिक्षक संघ (शेखावत) द्वारा जारी गैर शैक्षिक कार्यों से मुक्ति आन्दोलन को बल मिलेगा। साथ ही शिक्षामंत्री द्वारा यह संगठन की मांग के औचित्य को स्वीकार करना भी है, जो स्वागत योग्य है।

### शिक्षक को किया प्रताड़ित तो होगी आवाज बुलंद

यदि सरकार या किसी प्रशासनिक अधिकारी ने अभियान में शामिल किसी भी शिक्षक को प्रताड़ित करने की हिमाकत की तो राज्यभर के शिक्षक एकजुट होकर शिक्षक के साथ खड़े होंगे और सरकार तथा प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ आवाज बुलन्द करेंगे।

### गैर शैक्षिक कार्यों का बहिष्कार करें शिक्षक

राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) ने राज्य भर के शिक्षकों से अपील की है कि गैर शैक्षिक कार्यों से मुक्ति के लिए संगठन के आह्वान की पालना सुनिश्चित करें और 1 जुलाई, 2024 से विद्यालयों में एंड्रॉयड फोन के उपयोग को स्वैच्छिक रूप से पूर्णतया बंद कर दें। छात्र, शिक्षक तथा सार्वजनिक शिक्षा के हित में समस्त प्रकार के गैर शैक्षिक कार्यों का पूर्ण बहिष्कार करें। चुनाव के नाम पर थोपे जा रहे अनियमित बीएलओ कार्य का भी शिक्षक बहिष्कार करें। स्कूलों में शिक्षकों के ऑनलाइन प्रशिक्षण, कार्यालय की समस्त प्रकार की सूचनाएं, आरकेएसएमबी के परीक्षा की 'ओएमआर' सीट विषयाध्यापकों द्वारा स्कैन करना, बीएलओ कार्य, विभिन्न प्रशिक्षणों का ऑनलाइन टेस्ट, एमडीएम की प्रतिदिन की सूचना आदि गैर शैक्षणिक कार्य शैक्षिक ढाँचे को कमजोर कर रहे हैं। इसलिए ये फैसला सार्वजनिक शिक्षा को मजबूती प्रदान करेगा। "एक सब के लिए और सब एक के लिए" सिद्धांत का अनुपालन करते हुए राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) प्रत्येक शिक्षक के साथ है।

### धार्मिक कार्यक्रम में जाने और मोबाइल बंदी का राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) ने भी किया समर्थन

"अभी हाल ही में राज्य सरकार द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि विद्यालय समय में कोई कर्मचारी अगर धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जाता है तो उसे अवकाश लेकर जाना चाहिए । राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय इसका समर्थन करता है और दूसरा विषय आया कि विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा मोबाइल का लगातार उपयोग किया जा रहा है तो वो इसका उपयोग अपने घर के काम के लिए न करके अपने संबंधित विद्यालय के ऑनलाइन प्रपत्र और डाक संबंधी कार्यों के लिए करते हैं। फिर भी सरकार को लगता है की इसको (मोबाइल को) प्रतिबंधित करना चाहिए तो हम इसका समर्थन करते हैं और हमको इस पर कोई आपत्ति नहीं है। गैर शैक्षणिक कार्य इससे बंद होंगे और शिक्षक पहले की अपेक्षा और ज्यादा काम करने में सक्षम होंगे।

-**रमेश चंद्र पुष्करणा,** प्रदेशाध्यक्ष, राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय)

# प्रेस की स्वतंत्रता में गिरावट, चिंताजनक



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

पिछले एक दशक में देश के अंदर प्रेस की स्वतंत्रता में काफी गिरावट आई और वह पहले के मुकाबले कहीं अधिक दवाब में काम कर रहा है, इसका एहसास कमोबेश सभी को है। लेकिन यह गिरावट इतनी ज्यादा होगी, इसका अंदाजा किसी ने भी नहीं लगाया था। बीते 3 मई को 'रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स' (आरएसएफ) ने हर साल की तरह इस साल भी 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक' जारी किया। इस सूचकांक को देखने से मालूम चला कि देश में प्रेस की स्वतंत्रता कितनी बदतर होती जा रही है।

रिपोर्ट के मुताबिक 176 देशों की फेहरिस्त में भारत 159वें स्थान पर है। जबकि पिछले साल भारत 161वें स्थान पर था। इसमें सबसे अफसोस की बात यह है कि भारत के कई पड़ोसी देश उससे थोड़े ऊपर हैं। सेंसरशिप, मीडिया स्वतंत्रता और पत्रकारों की सुरक्षा जैसे कारकों को ध्यान में रखते हुए रिपोर्ट में 176 देशों को उनके प्रेस की स्वतंत्रता के स्तर के आधार पर रैंक प्रदान किया गया है। हालाँकि, यह पत्रकारिता की गुणवत्ता का संकेतक नहीं है। आरएसएफ ने अपनी रिपोर्ट में भारत को लेकर यह टिप्पणी की है कि 'मोदी राज में प्रेस की स्वतंत्रता संकट में है।' इसके साथ ही उसने भारत में पत्रकारों के खिलाफ हो रही हिंसा और कुछ लोगों के हाथों में सिमटती जा रही मीडिया की बागडोर पर अपनी चिंता भी व्यक्त की है। यह चिंता देश के उस बड़े तबके को भी होनी चाहिए, जो प्रेस की स्वतंत्रता को लोकतंत्र की हिफाजत और नागरिकों के अधिकारों से जोड़ते हैं। गौरतलब है कि विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस हर साल 3 मई को मनाया जाता है। साल 1993 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा इस दिवस का ऐलान, साल 1991 में यूनेस्को के आम सम्मेलन की सिफारिश के बाद किया गया था। प्रेस की स्वतंत्रता के महत्त्व, पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा और स्वतंत्र, मुक्त मीडिया को प्रोत्साहित करने के महत्त्व के बारे में जन जागरूकता बढ़ाने के लिए इस दिवस का आयोजन किया जाता रहा है। इस दिवस के उपलक्ष्य में 2002 से 'रिपोर्टर्स सेन्स फ्रंटियर्स' या 'रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स' द्वारा प्रत्येक वर्ष विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक प्रकाशित किया जाता है। विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में पांच बिंदु शामिल होते हैं, जिनमें अंकों की गणना की जाती है और फिर देशों को रैंक दी जाती है। प्रत्येक देश या क्षेत्र के स्कोर का मूल्यांकन पांच प्रासंगिक संकेतकों का उपयोग करके किया जाता है। जिनमें राजनीतिक संदर्भ, कानूनी ढांचा, आर्थिक संदर्भ, सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भ और सुरक्षा शामिल है। सूचकांक की रैंकिंग 0 से 100 तक के स्कोर पर आधारित होती है। जो प्रत्येक देश या क्षेत्र को प्रदान की जाती है। जिसमें 100 सर्वश्रेष्ठ संभव स्कोर (प्रेस स्वतंत्रता का उच्चतम संभव स्तर) और 0 सबसे खराब स्तर को प्रदर्शित करता है।

> “ मीडिया की भूमिका में यह बदलाव क्यों आया, यदि इसकी वजह जानें, तो यह पूरा मामला गिव एंड टेक का है। एक-दूसरे को लेन-देन का है। सरकार, इन उद्योगपति घरानों के हितों का संरक्षण करती है। ऐसी नीतियां और कानून बनाती है, जिससे इनको व्यापारिक फायदा हो। बदले में इन औद्योगिक घरानों द्वारा संचालित मीडिया संस्थान, तमाम मामलों में सरकार का बचाव करते हैं। जनता के खिलाफ बनी गलत नीतियों और कानून को इस तरह से पेश करते हैं, जैसे यह नीतियां और कानून उनके हित में हैं। ”

भारत पिछले साल की तुलना में इस बार दो पायदान ऊपर कैसे चढ़ गया है ?, इसे भी आरएसएफ ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट किया है। आरएसएफ ने कहा है कि भारत का दो का पायदान ऊपर जाना 'भ्रामक' है। सच बात तो यह है कि भारत की स्थिति और ज्यादा खराब हुई है। दरअसल, पहले जो देश भारत से ऊपर थे, उनकी स्थिति ज्यादा खराब हुई है, इसलिए भारत की स्थिति में सुधार नजर आ रहा है। आरएसएफ ने अपनी रिपोर्ट में यह बात जोड़ी है कि 'हाल ही में अधिक कठोर कानून अपनाने के बावजूद, भारत को दो पायदान ऊपर धकेल दिया गया। लेकिन इसकी स्थिति अभी भी लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। केन्द्र की बीजेपी शासित मोदी सरकार ने कई नए कानून पेश किए हैं। जो सरकार को मीडिया को नियंत्रित करने, समाचारों को सेंसर करने और आलोचकों को चुप कराने की असाधारण ताकत देते हैं। ऐसे कानूनों में 'दूरसंचार अधिनियम, 2023 ', 'मसौदा प्रसारण सेवा (विनियमन) विधेयक, 2023' और 'डिजिटल पर्सनल डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023' शामिल हैं।

भारत को लेकर आरएसएफ ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट तौर पर आगे लिखा है, 'साल 2014 में पीएम मोदी के सत्ता में आने और उनकी पार्टी भाजपा व मीडिया पर हावी होने वाले बड़े परिवारों के बीच एक शानदार तालमेल बनाने के बाद से भारत का मीडिया 'अनौपचारिक आपातकाल की स्थिति' में आ गया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज समूह के प्रमुख और प्रधानमंत्री मोदी के करीबी मुकेश अंबानी 70 से अधिक मीडिया संस्थानों के मालिक हैं। जिसे कम से कम 80 करोड़ भारतीय देखते, पढ़ते और सुनते हैं। 2022 के आखिर में पीएम मोदी के एक दीगर करीबी गौतम अडानी ने भी एनडीटीवी का अधिग्रहण कर लिया था।

जाहिर है कि स्वतंत्र मीडिया ही मजबूत लोकतंत्र की निशानी है। जब तक किसी देश की मीडिया स्वतंत्र नहीं होगी, जनता के असल मुद्दे केन्द्र में नहीं आएंगे। सरकार की गलत नीतियां कठघरे में नहीं होंगी। मीडिया की स्वतंत्रता में गिरावट, अंततः देश को तानाशाही की ओर ले जाती है। पड़ोसी देश चीन इसका एक बड़ा उदाहरण है। हाल के वर्षों में 'गोदी मीडिया' का उदय भी देखा गया है।' रिपोर्ट में कहा गया है कि 'जो पत्रकार सरकार के आलोचक हैं, उसकी गलत नीतियों की आलोचना करते हैं, उन्हें नियमित रूप से ऑनलाइन उत्पीड़न, धमकी, शारीरिक हमलों के साथ-साथ आपराधिक मुकदमों और गिरफ्तारियों का शिकार होना पड़ता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## राजनीतिक दलों की खैराती योजनाएं भी काफी हद तक जिम्मेदार

# आखिर कृषि कार्य घाटे का सौदा क्यों?



राजेंद्र बज
व्यंग्यकार

> “ राजनीति में लोकलुभावन नारे और वादे अच्छी नीयत का परिचय देते हैं, लेकिन उसके दूरगामी परिणामों पर भी गंभीरतापूर्वक विचार होना चाहिए। सबका साथ सबका विकास अपनी-अपनी कर्मचेतना को जागृत रखते हुए किया जाने लगे तो देखते ही देखते हमारे अन्नदाता सारी दुनिया का पेट पाल सकते हैं। हर हाथ को काम दे सकते हैं। यही नहीं अपितु राष्ट्रीय आय में भी अकल्पनीय वृद्धि करने में प्रबल रूप से सहायक सिद्ध हो सकते हैं। ”

बहुत ही जोर-शोर से यह ढिंढोरा तो बार-बार पीटा जाता है कि किसान हमारा अन्नदाता है, लेकिन इस वर्ग का शोषण इस वर्ग की नियति बन चुका है। मौसम और नसीब साथ दें, तो ही जी-तोड़ मेहनत के पश्चात फसल आती है। और फिर देखते ही देखते धड़ाम से उपज के दाम रसातल की ओर जाने लगते हैं। राजनीतिक स्तर पर बहुत बार डूंडी पीटी जाती है कि हमको सत्ता दो, हम किसान की आय में दोगुना वृद्धि कर देंगे। लेकिन व्यावहारिक धरातल पर कोई भी दल सत्ता में आने पर अपने वादों और दावों को जमीनी धरातल पर सार्थक सिद्ध करने का कोई भी गंभीर प्रयास नहीं करता। ऐसा बार-बार और हर बार होता चला आया है।

वह तो अच्छा है कि इस समय परंपरागत ढर्रे को दरकिनार करते हुए आम किसान उन्नत तरीके से कृषि कार्य करने की ओर उन्मुख हुए हैं। जिसके चलते औसत उपज में अत्याधिक वृद्धि होने लगी है। लेकिन कृषि की आधुनिक तकनीक को अपनाने के बाद भी किसानों की आर्थिक स्थिति में कोई सकारात्मक परिवर्तन दिखाई नहीं देता। हालांकि विगत कुछ दशकों से किसानों के ऊपर चढ़ा कर्जा माफ करने की राजनीति जरूर की जाने लगी है। ऐसे में मूल सवाल यह है कि किसान पर कर्जा क्यों है? एक तो खेती मानसून का जुआ, और उस पर निरंतर बढ़ती कृषि कार्य की लागत, यही नहीं अपितु काम करने के लिए मजदूरों की मजदूरी के प्रति उदासीनता।

इन सब के चलते आज किसानों की एक समस्या यह भी है कि उन्हें कृषि कार्य के लिए पर्याप्त मजदूर उपलब्ध नहीं हो पाते। इसका मूल कारण यह है कि बैठे-ठाले राजनीतिक दलों ने सरकार बनाने के लिए नाना प्रकार की खैराती योजनाओं का क्रियान्वयन कर दिया है। स्पष्ट है कि राजनीतिक स्वार्थसिद्धि की प्रबलता के चलते एक प्रकार से पुरुषार्थ को हतोत्साहित कर अकर्मण्यता को बढ़ावा दिया जाने लगा है। यदि गहराई से आकलन किया जाए और कृषि उपज की वास्तविक लागत का मूल्यांकन करने के लिए वही तरीका अपनाया जाए जो व्यवसाय या उद्यमी किया करते हैं, तो पता चलता है कि किसानों के साथ कितना बड़ा छलावा चल रहा है।



वह तो पुरखों की जमीन है, घर -परिवार के श्रम की लागत का आकलन नहीं होता। भूमि की लागत के प्रतिफल की बात तो छोड़ दीजिए। आम किसान अपनी अनिवार्य और कुछ हद तक आरामदायक आवश्यकताओं की पूर्ति सुगमता पूर्वक कर सकें, किसान के लिए तो इतना ही काफी होता है। यही कारण है कि कृषक परिवार की नई पौध व्यापार-व्यवसाय में रुचि लेने लगी है। वैसे यह अच्छी बात है कि कृषि पर निर्भरता कम हो रही है। बावजूद इसके यदि कृषि कार्य घाटे का सौदा होता रहा, तो आगे जाकर तथाकथित अन्नदाता की भूमिका का निर्वहन कौन करेगा?

दरअसल राजनीतिक दलों के लिए खैराती योजनाएं सत्ता की चाबी बनती जा रही है। एक ऐसा भ्रमजाल बनाया गया है कि हम किसानों का कर्जा माफ कर रहे हैं, बिजली के बिल में राहत दे रहे हैं, और तो और हम समय-समय पर समर्थन मूल्य घोषित करते हुए किसानों को उनकी उपज बिक्री पर बोनस के रूप में लाभान्वित भी कर रहे हैं। वैसे यह सब शर्तों के अधीन होता है। लेकिन वास्तविकता कुछ और है। वैसे अब वह दौर नहीं रहा जब किसानों को बरगलाया जा सकता हो। किसानों के लिए देश-प्रदेश में चल रही तमाम मुफ्तखोरी की योजनाएं अंततः हानिकारक सिद्ध हो रही है। आज शायद ही कोई ऐसे किसान होंगे जिनके लिए श्रम की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में होती रही हो।

वास्तव में एक बड़े वर्ग की कर्मचेतना विलुप्त होने की कगार पर जाने लगी है। यूं भी जब किसी को ऐसे ही और यूं ही सब कुछ मिलता रहे, तो उसे सर्दी में ठंड लगेगी, गर्मी में गर्मी लगेगी और बारिश में वह भीग जाएगा - तो फिर वह काम करने नहीं जाएगा। माना कि राजनीति में लोकलुभावन नारे और वादे अच्छी नीयत का परिचय देते हैं, लेकिन उसके दूरगामी परिणामों पर भी गंभीरतापूर्वक विचार होना चाहिए। सबका साथ सबका विकास अपनी-अपनी कर्मचेतना को जागृत रखते हुए किया जाने लगे तो देखते ही देखते हमारे अन्नदाता सारी दुनिया का पेट पाल सकते हैं। हर हाथ को काम दे सकते हैं।

यही नहीं अपितु राष्ट्रीय आय में भी अकल्पनीय वृद्धि करने में प्रबल रूप से सहायक सिद्ध हो सकते हैं। अलग-अलग समय में अलग-अलग स्तर पर यह मांग भी उठी थी कि कृषक वर्ग अपनी उत्पादन लागत में लाभ का प्रतिशत जोड़कर यह तय करें कि उसकी उपज बाजार में किस दाम पर बिकना चाहिए? लेकिन आश्चर्य का विषय है कि इस सवाल की गंभीरता को समझ कर भी राजनीतिक दल नासमझी का स्वांग रचा करते हैं। कल्पना कीजिए यदि कोई व्यक्ति जमीन खरीद कर कृषि कार्य करना चाहे, घर-परिवार के श्रम का मूल्यांकन करते हुए उत्पादन की लागत को सुनिश्चित करने का अभियान चलाएं -ऐसा तो हमारा किसान करेगा नहीं। तो फिर कम से कम इस बात पर तो गौर किया जाना चाहिए कि जब किसान वास्तव में ' भोला ' है, तो उसके भोलेपन का शोषण कदापि नहीं करना चाहिए। हालांकि कृषि विधेयक से कुछ उम्मीद जगी थी, लेकिन राजनीति ने इसका शिकार कर लिया। खैर, मुद्दे की बात यह कि यदि देश में भरपूर बेरोजगारी के पश्चात भी काम करने के प्रति अनिच्छा का भाव जिन कारणों के चलते हैं, उन कारणों को चिन्हित करते हुए तत्काल प्रभाव से दूर किया जाना चाहिए। कितने आश्चर्य की बात है कि जब कोई कहे ' रूखी सूखी रोटी और प्याज का टुकड़ा ', तो किसान का अक्स मानस पटल पर तैर जाता है। यह कैसी विडंबना है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**व्यंग्य**

# नोटों के पहाड़



दिनेश विजयवर्गीय
व्यंग्यकार

भारत की धार्मिक पर्यटन परंपरा में प्रकृति ने जो कृपा की है उससे देशवासी अपनी धरती माता पर गौरवान्वि हैं। उसने जहां हरे भरे मैदानी भाग दिए वहीं विभिन्न क्षेत्रों में ऊंचे पहाड़ दिए । इन पहाड़ों में जहां शीतलता है, वहीं कल-कल गीत सुनाते झरने, नदियां है। बर्फ की स्केटिंग है। इन्हीं पहाड़ों में प्रमुख देवी देवताओं का वास है। हमारी आस्था के केंद्र हैं। ये धार्मिक यात्रा का आनंद है। हिमालय से देश का गौरव और प्रहरी है। वर्षा में पहाड़ हरे भरे मनभावन हो जाते हैं। फिल्मी की शूटिंग में पहाड़ों की खूबसूरती का बड़ा योगदान बना हुआ है। ये ही वर्षा लाकर धरती को हरा भरा श्रंगार करते हैं।

देश में इन मिट्टी पत्थर बर्फीले पहाड़ों से हटकर भी नए प्रकार के पहाड़ मिलने लगे हैं। जिनके पास यह पहाड़ मिल जाते हैं वह अपने को धन्य मानते हैं। यह नोटों के पहाड़ कुछ वर्षों से भारत भूमि में मिलने लगे हैं। पहले कभी ऐसे पहाड़ों के दर्शन दुर्लभ थे। यह पहाड़ सबको नजर नहीं आते। इसलिए यह ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स जैसी संस्थाएं को अपने खोज बीनी प्रकाश से नजर आते हैं। पहले कभी लोगों को नोटों के पहाड़ों के बारे में सुनने व देखने को नहीं मिलता था, लेकिन अब इन संस्थाओं की तेज रोशनी के प्रभाव से यह लोगों के टीवी स्क्रीन पर और अखबारों में नजर आने लगे हैं।

यह नोटों के पहाड़ कभी मंत्री कभी बड़े अधिकारी कभी व्यापारी तो कभी चपरासी के पास तक नजर आने लगे हैं। यह पहाड़ कितनी ऊंची करेंसी अपने में समेटे हुए हैं उसकी खोज खबर करने के लिए नोट गिनने वाली मशीन मंगानी पड़ती है। जो शातिर धनकुबेरों की सच्चाई को उगलेगी। य ह पहाड़ और इन्हें बनाने वाले मीडिया में सुर्खियों पाएंगे। पहाड़ों के बीच से सुरंग बनाकर इस पार से उस पार सुगमता से पहुंच जाते हैं। ऐसे ही नोटों के पहाड़ों की सुरग से भी इसके प्राप्ति के तौर तरीकों से बारे में सहजता से जानकारी मिल सकेगी । सच में हम गौरवान्वित हैं कि हमें नोटों के पहाड़ों को देखने का अवसर मिल रहा है।

**X**



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
पहली बार, मैं मुस्लिम समुदाय से आत्ममंथन करने को कह रहा हूं। आप यह सोचते रहेंगे कि सत्ता में किसे बिठाएंगे और किसे उतारेंगे, तो उसमें आप अपने बच्चों का भविष्य ही खराब करेंगे।



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
भाजपा सांसदों से लेकर डिप्टी सीएम तक सबने रट लगा रखी है - संविधान बदल देंगे, संविधान बदल देंगे। मोदी और RSS संविधान बदल कर दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों का आरक्षण और उनके अधिकार छीन लेना चाहते हैं। हम जान दे देंगे, लेकिन संविधान पर आंच नहीं आने देंगे।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
आज तेलंगाना प्रदेश की नलगोंडा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्री @SAIDIREDDYBJP जी के समर्थन में आयोजित विशाल जनसभा में देवतुल्य जनता-जनार्दन को संबोधित किया। विकसित भारत के संकल्प को साकार करने व मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने हेतु सभा में उमड़े इस अथाह जन-सिंधु ने आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर मुहर लगा दी है।



**योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
@myogiadityanath
सम-विषम परिस्थितियों में सदैव राष्ट्रवाद का साथ देने वाली शौर्य एवं पराक्रम की पावन भूमि बहराइच की जनता का यह उत्साह 'अबकी बार 400 पार' का उद्घोष है। मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की प्रचंड विजय सुनिश्चित है। आभार बहराइच वासियो

**नॉलेज कॉर्नर:** अब भारत में भी बड़ी मात्रा में हो रहा है इस खास विदेशी सब्जी का उत्पादन

# द्वितीय विश्व युद्ध के बाद हुई 'ब्रोकली' की उत्पत्ति!

आपने पत्ता गोभी या फूलगोभी की सब्जी तो बहुत खाई होगी। लेकिन कम ही लोग जानते हैं कि फूलगोभी की तरह दिखने वाली एक और सब्जी खाने में स्वादिष्ट के साथ-साथ पौष्टिक भी है। लेकिन यह बाकी सब्जियों से महंगी होती है। इस सब्जी का नाम ब्रोकली है। कई लोग इस सब्जी से वाकिफ भी होंगे। यूं तो इस सब्जी को विदेशों में उगाया जाता है, लेकिन कम लागत में अधिक पैदावार देने के कारण आजकल भारत में भी इसकी खेती का चलन बढ़ रहा है। इसका सबसे अधिक उत्पादन चीन, अमेरिका और स्पेन जैसे देशों में किया जाता है। भारत के किसान सिक्को, केलेब्रस, ग्रीन बड, ग्रीन मैजिक, जिप्सी, अर्काडिया, बालथम 29, ग्रीन स्प्राउटिंग मीडिया जैसी किस्मों की ब्रोकली उगा रहे हैं। इसमें ऊपर की तरफ फूलगोभी की तरह बड़ा फूल, और डंठल लगा होता है। इसका रंग हरा होता है, जिसे सलाद के रूप में भी खाया जाता है। इसका उत्पादन दुनियाभर में किया जाता है।

## ब्रोकली के बारे में

ब्रोकली गोभी के परिवार की ही सब्जी है। यह ब्रैसिका ओलेरासिया प्रजाति का पौधा है। यह आस-पास से पत्तियों से घिरी होती है, इसलिए दिखने में हूबहू फूलगोभी जैसी दिखती है। इसे कच्चा भी खाया जा सकता है तथा पकाकर भी। इसमें विटामिन सी और विटामिन के पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। इसमें सल्फर युक्त ग्लूकोसाइनोलेट यौगिक, आइसोथियोसाइनेट्स और सल्फोराफेन जैसे तत्व भी पाए जाते हैं, लेकिन उबालने से यह कम हो जाते हैं। ब्रोकली की एक प्रजाति का नाम रापिनी है, जिसे ब्रोकली रेब भी कहा जाता है। इसकी अधिकतर किस्में ठंडे मौसम में उगाई जाती हैं। दरअसल गर्मी के मौसम में यह फसल खराब हो जाती है। इसलिए इसे 18 से 23 डिग्री सेल्सियस तापमान वाले स्थानों पर उगाया जाता है। ब्रोकली में मैग्नीशियम, फास्फोरस, जिंक और कैल्शियम सहित कई तत्व अच्छी मात्रा में पाए जाते हैं।



## इतिहास

ब्रोकली का इतिहास लगभग छठी शताब्दी ईस्वी पूर्व का है। उस समय उत्तरी भूमध्यसागरीय क्षेत्र में लैंड्रेस ब्रासिका फसलों के प्रजनन के कारण इसकी उत्पत्ति हुई। इसकी उत्पत्ति रोमन साम्राज्य में उगाई जाने वाली फसलों के साथ हुई थी। इसके बाद 18वीं शताब्दी तक यह उत्तरी यूरोप में भी फैल गई। 19वीं शताब्दी में इसे इतालवी अप्रवासियों द्वारा उत्तरी अमेरिका में उगाया गया। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका और जापानी एफ-1 संकरों के प्रजनन से इसकी पैदावार हुई। उस समय इसकी गुणवत्ता, विकास की गति और क्षेत्रीय अनुकूलन में काफी वृद्धि हुई। सबसे पहले ब्रोकोली शब्द का इस्तेमाल 17 वीं शताब्दी में किया गया था। जो कि ब्रोकली के इतालवी बहुवचन से बना है। इसका अर्थ गोभी का फूलना होता है।

## ब्रोकली के प्रकार

*मुख्यतया ब्रोकली की तीन किस्में पाई जाती है। कैलाबेरी ब्रोकोली, अंकुरित ब्रोकली तथा बैंगनी फूलगोभी। कैलाबेरी ब्रोकोली का नाम इटली के कैलाब्रिया के नाम पर रखा गया था। बैंगनी फूलगोभी को यूरोप और उत्तरी अमेरिका में सबसे अधिक उगाया जाता है।*

*कंटेंट: प्रताप सिंह नेगी*

### सोनिया गांधी ने की कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील, कहा-कांग्रेस ने देश की प्रगति व मजबूती के लिए किया संघर्ष

# BJP पर हमला, सियासी लाभ के लिए नफरत को बढ़ावा देने का आरोप

**एजेंसी** | नई दिल्ली

देश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान के बीच कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने देश की जनता से एक भावुक अपील की है। उन्होंने एक वीडियो संदेश जारी कर देश की जनता से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की है। इस दौरान वह भाजपा पर भी हमलावर नजर आईं। उन्होंने कहा, आज देश के हर कोने में युवाओं में बेरोजगारी, महिलाओं पर अत्याचार, दलित, आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यक भेदभाव झेल रहे हैं। सोनिया ने आगे कहा, ऐसा माहौल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की नीयत की वजह से है। उनका ध्यान किसी भी कीमत पर सिर्फ सत्ता हासिल करने के पीछे है। उन्होंने राजनीतिक लाभ के लिए नफरत को बढ़ावा दिया है।

कांग्रेस नेता ने आगे कहा, कांग्रेस पार्टी और मैंने हमेशा सभी की तरक्की और वंचितों को न्याय दिलाने के साथ ही देश को मजबूत करने के लिए संघर्ष किया है। उन्होंने आगे कहा, हमारा न्याय पत्र और हमारी गारंटियों का मकसद भी देश को एकजुट रखना और गरीबों, महिलाओं, किसानों, श्रमिकों और वंचित समुदायों को ताकत देना है। कांग्रेस और इंडिया गठबंधन संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए समर्पित है। सभी के उज्ज्वल भविष्य के लिए कांग्रेस को वोट दें और साथ मिलकर मजबूत और एकजुट भारत बनाएं।



### सोनिया के वीडियो पर भाजपा का पलटवार

सोनिया गांधी के वीडियो पर भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा, यह बहुत अजीब वीडियो है क्योंकि वह एक महिला हैं, जिन्होंने 2004 से 2014 के बीच दस साल तक यूपीए सरकार चलाई। यूपीए सरकार ने अर्थव्यवस्था को नष्ट कर दिया , भ्रष्टाचार में अभूतपूर्व रिकॉर्ड बनाए और आजीविका और नौकरियों को उस गति से नष्ट कर दिया जो भारत ने पहले कभी नहीं देखा था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वह कहती हैं कि बेरोजगारी है। वह फिर से झूठ बोल रही हैं। उन्होंने कहा कि वह जानती है कि केवल वे राज्य हैं जहां इंडिया गठबंधन है, वहां सबसे अधिक बेरोजगारी है। गठबंधन शासित राज्यों में सबसे ज्यादा खाद्य कीमतें और मुद्रास्फीति हैं। उन राज्यों में आज भी पेट्रोल-डीजल की कीमतें देश के बाकी हिस्सों की तुलना में अधिक हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वह संविधान की रक्षा की बात करती हैं, यह अच्छी तरह से जानते हुए भी कि पिछले दस वर्षों में, भारत दुनिया के लिए लोकतंत्र के प्रतीकों में से एक बन गया है।

### विपक्षी गठबंधन लोकतंत्र की रक्षा को प्रतिबद्ध

सोनिया ने कहा, हमारा संविधान और लोकतंत्र के खतरे में होने, गरीबों को पीछे छोड़ दिए जाने और हमारे समाज के ताने-बाने को कमजोर किए जाने का दृश्य मुझे पीड़ा से भर देता है। उन्होंने कहा, आज मैं एक बार फिर आपका समर्थन मांगती हूं। हमारे 'न्याय पत्र' (घोषणापत्र) और गारंटी का उद्देश्य हमारे देश को एकजुट करना और भारत के गरीबों, युवाओं, महिलाओं, किसानों, श्रमिकों और वंचित समुदायों के लिए काम करना है। कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दल संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## मुस्लिम वोट चाहिए, उम्मीदवारी नहीं: ओवैसी



**मुंबई**। एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने बताया कि महाराष्ट्र में सभी पार्टियां लोकसभा चुनाव में मुस्लिम वोट चाहती है। लेकिन उन्हें महाराष्ट्र की 48 सीटों में से एक भी सीट के लिए इस समुदाय से उम्मीदवार नहीं मिल पाया।

आमखास मैदान में एक रैली में उन्होंने दावा किया कि उनके औरंगाबाद के सांसद इम्तियाज जलील को हराने के लिए विभिन्न पार्टियां एक साथ आई हैं। ओवैसी ने कहा, उन्हें परिणाम की चिंता नहीं है, लेकिन दोनों शिवसेना, दोनों राकांपा और कांग्रेस यहां इम्तियाज जलील को हराने आए हैं। शिवसेना (यूबीटी) उम्मीदवार चंद्रकांत खैरे की आलोचना करते हुए ओवैसी ने कहा, वह खुद को हिंदू नेता कहते हैं, लेकिन मुस्लिम मतदाताओं के महत्व को महसूस करने के बाद वह ईदगाह पहुंचे।

## मायावती ने आकाश आनंद को दोनों पदों से हटाया

**लखनऊ**। सीतापुर में भड़काऊ भाषण देना बसपा के नेशनल कोआर्डिटनेटर और बसपा सुप्रीमो मायावती के उत्तराधिकारी आकाश आनंद पर भारी पड़ गया। मायावती ने मंगलवार देर रात उन्हें दोनों अहम जिम्मेदारियों से अलग कर दिया। इसकी वजह उनका अपरिपक्व होना बताई गई है। बता दें कि आकाश आनंद ने सीतापुर में जनसभा के दौरान भाजपा नेताओं की तुलना आतंकवादियों से की थी। साथ ही, उन्हें जूतों से मारने की बात कही थी। बसपा सुप्रीमो मायावती ने इसे बेहद गंभीरता से लेते हुए आकाश आनंद की रैलियों के आयोजन पर रोक लगा दी थी। इसके बावजूद वह दिल्ली में पार्टी समर्थकों, छात्रों, शिक्षकों आदि से संपर्क साधते रहे।

### मोदी का कांग्रेस व लालू प्रसाद यादव पर जबरदस्त सियासी हमला

# कांग्रेस आतंकी हमलों को दे रही क्लीनचिट, कसाब का ले रही पक्ष

**एजेंसी** | अहमदनगर/ खरगोन

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए मतदान के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा नीत राजग के प्रचार अभियान को गति देते हुए मंगलवार को मध्य प्रदेश के खरगोन और धार तथा महाराष्ट्र के अहमदनगर में चुनाव सभाओं को संबोधित किया। पीएम मध्य प्रदेश के दौर के पश्चात महाराष्ट्र पहुंचे। यहां उन्होंने अहमदनगर में जनसभा में 26/11 के मुंबई आतंकी हमले का जिक्र किया और महाविकास अघाड़ी के घटक दलों पर निशाना साधा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आतंकी हमले को लेकर महाराष्ट्र में कांग्रेस के नेता का बयान बहुत खतरनाक है। ऐसा लगता है कांग्रेसी मिलकर अब आतंकी कसाब का पक्ष ले रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस और उसके गठबंधन दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि इनकी हताशा सीमा पार तक दिखाई दे रही है। देश के अंदर वाली कांग्रेस की ए टीम हार रही है, इसलिए सीमा पार वाली इनकी बी टीम सक्रिय हो गई है। उन्होंने कहा कि सीमा पार से कांग्रेस का हौसला बढ़ाने के लिए ट्वीट किए जा रहे हैं. और उसके बदले कांग्रेस आतंकी हमलों में क्लीनचिट दे रही है।



### विपक्षी गठबंधन इंडिया-आघाड़ी की एक्सपायरी डेट तय

उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए महाराष्ट्र की जनता आतुर है! 4 जून के बाद विपक्षी गठबंधन इंडिया-अघाड़ी वालों की झंडी उठाने वाला भी कोई नहीं मिलेगा। चुनाव से पहले ये जो भानुमति का कुनबा जुड़ा था, ये 4 जून को रेत के टीले की तरह बिखरने वाला है। तीसरे चरण के मतदान ने ये साफ कर दिया है कि 4 जून को विपक्षी गठबंधन इंडिया-आघाड़ी की एक्सपायरी डेट तय हो गई है।

### लालू को घेरा,कहा- वोट बैंक के लिए तुष्टीकरण में लगे हैं

सभा के दौरान लालू यादव के एक बयान को लेकर जबरदस्त हमला बोला। उन्होंने कहा कि इस बार का चुनाव संतुष्टीकरण और तुष्टीकरण के बीच हो रहा है। भाजपा-राजग का पूरा प्रयास अपनी मेहनत से देशवासियों को संतुष्ट करने का है, वहीं विपक्षी गठबंधन इंडिया-अघाड़ी वाले अपनी साजिशों से अपने वोट बैंक के तुष्टीकरण में लगे हैं। आज के दिन कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने अपनी बहुत खतरनाक साजिश पर खुद ही मुहर लगा दी है। पीएम ने कहा कि आज विपक्षी गठबंधन इंडिया के सबसे बड़े नेता ने इससे पर्दा भी उठा दिया है। ये बिहार में अभी-अभी जेल से बाहर आए हैं। इन्होंने मंगलवार को मीडिया के सामने साफ कहा है कि विपक्षी गठबंधन की सरकार आई तो देश में मुसलमानों को आरक्षण देंगे और पूरा का पूरा देंगे। इंडी गठबंधन का कहना है कि ये पूरा का पूरा आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देंगे।

## अंबेडकर-संविधान की पीठ में छुरा घोंपा

**एजेंसी** | खरगोन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर कांग्रेस पर धर्म के नाम पर आरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने कर्नाटक का उदाहरण देकर कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन इंडिया को घेरा। मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहब अंबेडकर और संविधान की पीठ में छुरा घोंपा है।

प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश के खरगोन और धार में चुनाव सभाओं को सबोधित करते हुए यह बात कहीं। उन्होंने कहा कि भारत इतिहास के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है। अब यह आपको तय करना होगा कि देश 'वोट जिहाद' से चलेगा या 'राम राज्य' से। उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा कि उसकी मंशा बहुत खतरनाक है और वह उनके खिलाफ 'वोट जिहाद' का आह्वान करती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ये गरीबों का आरक्षण छीन कर मुसलमनों को देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण की मनाही करता है लेकिन गठबंधन के नेता संविधान बदलना चाहते हैं। पीएम ने आरोप लगाया कि विपक्षी दल इस रणनीति से अपने वोट बैंक को खुश करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन किसी भी मुद्दे पर बात करने की स्थिति में नहीं है। कांग्रेस के पास बोलने के लिए कुछ भी नहीं। कांग्रेस ने पांच दशक से गरीबी हटाने के झूठे वादे किए। यह गरीबों के साथ विश्वासघात था।




### विपक्षियों को लोगों की चिंता नहीं

पीएम मोदी ने कहा, विपक्षी गठबंधन इंडिया के सहयोगियों को जनता के भाग्य की चिंता नहीं है। वे अपने परिवार को बचाने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। अपने राजनीतिक विरोधियों पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि जैसे ही उन्होंने विपक्ष के एजेंडे को उजागर किया है, विपक्ष ने उनके खिलाफ अपना पूरा गालियों का शब्दकोश खाली कर दिया है।आपके वोट ने भारत को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया है, अनुच्छेद 370 को हटा दिया है, एक आदिवासी महिला को देश का राष्ट्रपति बनाया है।

## पहले मुस्लिम आरक्षण की हिमायत, फिर पलट गए लालू यादव

**एजेंसी** | पटना

मतदान के तीसरे चरण के बीच राजद प्रमुख लालू यादव ने मुस्लिम आरक्षण पर बयान देकर सनसनी फैला दी। लालू यादव के इस बयान को भाजपा ने हाथों-हाथ ले लिया। लेकिन शाम होते-होते लालू यादव अपने बयान से पलट गए। अब उन्होंने कहा कि आरक्षण का आधार धर्म हो ही नहीं सकता। आरक्षण का आधार तो सामाजिक है। इससे पहले लालू यादव ने पटना में पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में कहा कि जनता समझ गई है भाजपा को, आरक्षण तो मुसलमानों को पूरा मिलना चाहिए। ज्ञात रहे कि तीसरे चरण में बिहार की 5 लोकसभा सीटों पर भी मतदान हुआ था। इसमें कुछ सीटें मुस्लिम बहुल थीं। सियासी गलियारों में इस बात की चर्चा है कि क्या मुस्लिम मतदाताओं को लुभाने के लिए लालू यादव ने इस तरह का बयान दिया था?

### लालू यादव ने यह कहा सफाई में

लालू प्रसाद ने एक बयान में कहा कि आरक्षण का आधार धर्म नहीं बल्कि सामाजिक पिछड़ापन होता है। पीएम को इतनी सी भी समझ नहीं है। मंडल कमीशन हमने लागू करवाया है। क्या नरेंद्र मोदी ने कभी इसकी की सिफारिशें पढ़ी है? इसके तहत पिछड़ी जातियों के साथ अन्य धर्मों की भी सैंकड़ों जातियों को आरक्षण मिलता है।

### कांग्रेस को एक और सियासी झटका

## राधिका खेड़ा और शेखर सुमन भाजपा में शामिल

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस को एक और बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। हाल ही में कांग्रेस से इस्तीफा देने वाली पार्टी की महत्वपूर्ण नेता राधिका खेड़ा ने मंगलवार को भाजपा का दामन थाम लिया। उनके साथ ही फिल्म अभिनेता एवं कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ चुके शेखर सुमन भी मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गए। राधिका खेड़ा ने कांग्रेस के कुछ बड़े नेताओं पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को रविवार को लिखे अपने इस्तीफे के पत्र में भी राधिका ने कहा था कि रामलला के दर्शन करने के कारण ही उनका पार्टी के अंदर विरोध किया जा रहा है।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी और संजय मयूख की मौजूदगी में राधिका खेड़ा और शेखर सुमन ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। विनोद तावड़े ने राधिका खेड़ा और शेखर सुमन का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि राधिका खेड़ा ने खुल कर अपनी बात कही है, वहीं शेखर सुमन भी बेहतरीन अभिनेता रहे हैं जिन्होंने कई सफल फिल्में दी हैं।



### सकारात्मक सोच के साथ भाजपा में आया: शेखर सुमन

वहीं,शेखर सुमन ने कहा कि वह सकारात्मक सोच के साथ भाजपा में आए हैं क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश जिस तरह से विकास कर रहा है, उस प्रवाह में शामिल होना हर हिंदुस्तानी का फर्ज है। उन्होंने कहा कि उनके दिमाग में सिर्फ देश का ख्याल है। शेखर सुमन ने वर्ष 2009 में कांग्रेस के टिकट पर पटना साहिब सीट से लोकसभा चुनाव लड़ा था। तब शत्रुघ्न सिन्हा भाजपा में थे और शेखर सुमन वह चुनाव हार गए थे। इसे लेकर बीते दिनों एक बातचीत के दौरान शेखर सुमन ने कहा था, मैं डिफॉल्ट रूप से राजनीति से जुड़ा था। ऐसी कोई चाहत नहीं थी। लेकिन कभी-कभी आप भावनात्मक रूप से ब्लैकमेल हो जाते हैं और मैंने ऐसा इसलिए किया, क्योंकि मैं अपने शहर, अपने समाज और अपने राज्य के लिए कुछ करना चाहता था।

## टिकट काटने पर जौनपुर में रार: जारी हैं वार-पलटवार

**एजेंसी** | जौनपुर

जौनपुर में बसपा प्रमुख मायावती द्वारा टिकट बदले जाने को लेकर मची रार के बीच अब धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक जौनपुरवासियों के नाम एक पोस्ट में श्रीकला ने लिखा कि आपका साथ और विश्वास हमारी ताकत है। आपके रहते दुनिया का कोई व्यक्ति मेरे आत्मबल को तोड़ नहीं सकता। स्वाभिमान और भविष्य के लिए कोई भी कीमत चुकाने को तैयार हूं। इससे पहले सोमवार को दिन भर चले घटनाक्रम के बाद नामांकन का समय खत्म होने पर धनंजय सिंह मीडिया के सामने आए थे। दबाव में चुनाव नहीं लड़ने की बातों से इनकार किया था। यह भी ऐलान किया था कि जौनपुर से अगला सांसद वही होगा जिसे वह चाहेंगे। फिलहाल धनंजय सिंह और बसपा की तरफ से वार-पलटवार का दौर जारी है। धनंजय सिंह का कहना है कि उन्हें धोखा दिया गया है। अचानक उनकी पत्नी का टिकट काट दिया गया है। जबकि बसपा की तरफ से कहा गया है कि धनंजय सिंह ने खुद फोन कर पत्नी के चुनाव नहीं लड़ने की बात कही थी। ऐसे में श्रीकला की जगह श्याम सिंह यादव को टिकट दिया गया है।



### उत्तर प्रदेश की चुनावी डायरी

# रायबरेली-अमेठी में प्रियंका ने संभाला मोर्चा, दे रही हैं जीत का मंत्र

**एजेंसी** | लखनऊ

सर्वाधिक लोकसभा सीटों वाले राज्य उत्तर प्रदेश में तीसरे चरण के मतदान के बीच चौथे चरण के लिए सियासी घमासान तेज हो गया है। चौथे चरण में राज्य की सबसे प्रतिष्ठित सीट अमेठी व रायबरेली में कांग्रेस प्रत्याशियों की घोषणा के बाद ही वहां की सियासी व्यूह रचना भी शुरू हो गई है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने दोनों सीटों के लिए चुनावी मोर्चा संभाल लिया है। नेहरू-गांधी परिवार के गढ़ रायबरेली को बचाने और स्मृति ईरानी के हाथों गंवा चुकी अमेठी के किले को भाजपा से वापस छीनने के लिए प्रियंका गांधी ने रायबरेली और अमेठी में डेरा डाल दिया है। रायबरेली से राहुल गांधी और अमेठी से गाांधी परिवार के करीबी किशोरी लाल शर्मा कांग्रेस के प्रत्याशी हैं। कांग्रेस ने रायबरेली में पूर्व सीएम भूपेश बघेल और अमेठी में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को वरिष्ठ पर्यवेक्षक बनाकर भेजा है।

प्रियंका गांधी ने कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा 18 तारीख को 5 बजे चुनाव आयोग मुझे कहेंगे कि आप चली जाओ, तब तक मैं यहां से हिलने नहीं वाली हूं। हम दिन-रात कार्य करेंगे। हम पूरे दिन भ्रमण करेंगे और रात को हम कार्यकर्ताओं की मीटिंग रखेंगे। उन्होंने कार्यकताओं से कहा, आप आकर मुझे बताइए, दरवाजे खुले हैं। और मैं चाहती हूं कि आप सब लोग देश के लिए समर्पित हों। 2019 के लोकसभा चुनाव में अमेठी से राहुल की हार और रायबरेली से सोनिया की जीत की चर्चा करते हुए प्रियंका ने कहा कि पिछली बार भी रायबरेली का किला भाजपा नहीं गिरा पाई क्योंकि इस किले की जनता ने रक्षा की। रायबरेली से हमेशा पूरे देश में सही संदेश जाता है।



### चौथे चरण में होगा 13 सीटों पर मतदान

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सभी राजनीतिक दल चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। चौथे चरण में प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों अकबरपुर, बहराइच, धौराहरा, इटावा, खीरी फर्रूखाबाद, हरदोई ,कन्नौज, कानपुर, मिश्रिख, शाहजहांपुर, सीतापुर और उन्नाव सीट पर मतदान होना है। इन 13 सीटों पर कुल 130 उम्मीदवार मैदान में हैं।

### भाजपा ने सहयोगी दलों को पांच सीटें दी हैं

भाजपा मिशन 80 की हासिल करने के लिए यूपी की 75 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि सहयोगी दलों के लिए मात्र 5 सीट छोड़ी है, जिसमें अपना दल एस 2 सीट, राष्ट्रीय लोकदल 2 सीट और सुभासपा को एक सीट मिली है। सभी दल अभी तक अपने-अपने उम्मीदवार घोषित कर चुके थे, लेकिन अपना दल सोनेलाल ने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की थी। इसी के चलते मंगलवार को दोनों सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए।

### अपना दल (एस): अनुप्रिया पटेल मिर्जापुर से तीसरी बार मैदान में



दूसरी ओर सत्तारूढ़ गठबंधन भाजपा नीत राजग भी चुनाव तैयारियों में जुटी हैं। भाजपा ने यहां अपने सहयोगी दलों को पांच सीटें दी हैं, जिसमें अपना दल (एस) के हिस्से में । मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंजदो सीटें आई हैं। मंगलवार को अपना दल एस ने दोनों सीटों पर प्रत्याशी उतार दिए हैं। मिर्जापुर लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल पार्टी की होंगी जबकि रॉबर्ट्सगंज सीट से अपना पार्टी ने मौजूदा सांसद पकौड़ी लाल कोल का टिकट काट कर उनकी जगह पर विधायक रिंकी कोल को प्रत्याशी बनाया है। रिंकी कोल पकौड़ी लाल कोल की बहू हैं और वह छानबे सीट से विधायक हैं। रॉबर्ट्सगंज सीट पर 2014 में भाजपा और 2019 में पकौड़ी लाल कोल ने जीत दर्ज की थी। मिर्जापुर सीट से 2014 और 2019 में अनुप्रिया पटेल ने चुनाव जीता था। इस बार वह हैट्रिक बनाने का प्रयास करेंगी।

## जरूरी खबर

### शिक्षक भर्ती: हाई कोर्ट के फैसले पर रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी जिसमें राज्य के एसएससी द्वारा राज्य संचालित और राज्य सहायता प्राप्त स्कूलों में 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य कर दिया गया था। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायाधीश जेबी पारदीवाला और न्यायाधीश मनोज मिश्रा की पीठ ने हालांकि, सीबीआई को अपनी जांच जारी रखने और राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों की भी जांच करने की अनुमति दी। हालांकि, शीर्ष अदालत ने सीबीआई से कहा कि वह जांच के दौरान किसी संदिग्ध को गिरफ्तार करने जैसी कार्रवाई न करे। इससे पहले दिन में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कथित घोटाले को 'प्रणालीगत धोखाधड़ी' करार दिया और कहा कि राज्य अधिकारी शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति से संबंधित डिजिटल रिकॉर्ड बनाए रखने के लिए कर्तव्यबद्ध थे।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि केस: ASI की ओर से दिए प्रमाण पेश

**प्रयागराज।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले की सुनवाई के दौरान मंदिर पक्ष ने एएसआई की ओर से दिए गए पुख्ता प्रमाण पेश किए। मंदिर पक्ष की ओर अधिवक्ता रीना एन सिंह ने कहा कि शाही ईदगाह ही श्रीकृष्ण का जन्मस्थान है। रीना एन सिंह ने कहा कि एएसआई की जांच में पुरातात्विक खनन के दौरान ईदगाह के अंदर स्थित कुएं से श्रीकृष्ण के मूल गर्भगृह के मंदिर की आठ फीट की चौखट मिल चुकी है। उस चौखट के आगे के भाग पर नक्काशी की हुई है। चौखट के पीछे के भाग में ब्राह्मी लिपि में अंकित है कि यह भगवान वासुदेव का महास्थान है। यह चौखट मथुरा के सरकारी म्यूजियम में रखी हुई हैमूर्तियों के अवशेष भी मिले हैं।

### कनाडा का हिंसा का महिमामंडन करना ठीक नहीं

**नई दिल्ली/ ओटावा।** कनाडा में खालिस्तान के समर्थन में नारेबाजी पर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि कानून का सम्मान करने वाले देशों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर कट्टरपंथियों को इस तरह की अनुमति देना गलत है। भारत ने कहा है कि असामाजिक तत्वों को बढ़ावा देना कसी भी हाल में सही नहीं है। भारतीय विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया हिंसा का जश्न मनाना और उसका महिमामंडन करना किसी भी सभ्य समाज का

## लोकतंत्र की ताकत... मतदान की लहर












*नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान मंगलवार को खत्म हो गया। इस चरण में 11 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की कुल 93 सीटों के लिए वोट डाले गए हैं। मतदान को लेकर देश के विभिन्न हिस्सों में खास उत्साह देखा गया। बड़ी संख्या में लोग मतदान करने के लिए पहुंचे। तीसरे चरण में सात केंद्रीय मंत्रियों की सियासी किस्मत ईवीएम में बंद हो गई। फोटों में देश के विभिन्न हिस्सों में मतदान की झलक।*

## हरियाणा: लोकसभा चुनाव से पहले BJP को निर्दलीयों का झटका

# तीन MLA की समर्थन वापसी की घोषणा, कांग्रेस का देंगे साथ

**एजेंसी** | चंडीगढ़

हरियाणा में लोकसभा चुनाव से पहले एक बड़े घटनाक्रम में भाजपा को झटका लगा है। तीन निर्दलीय विधायकों रणधीर गोलन, सोमबीर सांगवान और धर्मपाल गोंदर ने राज्य की नायब सिंह सैनी सरकार से समर्थन वापस लेने की घोषणा की है। इसके चलते नायब सरकार अल्पमत में आ गई है, लेकिन सरकार को अभी कोई खतरा नहीं है। तीनों विधायकों ने मंगलवार शाम को रोहतक में नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा से मुलाकात करने के बाद कांग्रेस को समर्थन देने की भी घोषणा कर दी। उन्होंने अगामी विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस के साथ रहने की बात कही है। तीनों विधायकों ने समर्थन वापसी के लिए राज्यपाल को चिट्ठी भी लिखी है। चिट्ठी में तीनों ने हस्ताक्षर भी किए हैं और लिखा है कि पहले हम भाजपा को समर्थन दे रहे थे, लेकिन अब



समर्थन वापसी का ऐलान करते हैं। हालांकि बादशाहपुर के निर्दलीय विधायक राकेश दौलताबाद के भी इन विधायकों के साथ आने का दावा किया गया था, लेकिन शाम को दौलताबाद नहीं आए।

नेता प्रतिपक्ष हुड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान की मौजूदगी में तीन विधायकों ने रोहतक में प्रेस वार्ता में नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही सरकार से अपना समर्थन वापस लेते हुए महंगाई बढ़ने और बेरोजगारी का मुद्दा उठाया है।

देर शाम तक इन तीनों विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष को भाजपा सरकार से समर्थन वापस लेने का अपना लिखित पत्र नहीं दिया है, लेकिन विधानसभा में विधायकों की संख्या के हिसाब से गणित गड़बड़ा गया है। सरकार अल्पमत में आ गई है, लेकिन संवैधानिक तौर पर सरकार को अगले चार माह तक किसी तरह का खतरा नहीं है। हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा में रानियां के निर्दलीय विधायक रणजीत चौटाला और करनाल के भाजपा विधायक मनोहर लाल खट्टर विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफे दे चुके हैं। मनोहर लाल करनाल लोकसभा सीट से और रणजीत चौटाला हिसार लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। इस तरह 88 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत के लिए अब 45 विधायकों की जरूरत है।

### राष्ट्रपति शासन लागू होना चाहिए: हुड्डा

नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा ने दावा किया है कि जजपा और निर्दलीय विधायकों के समर्थन वापसी के बाद अब भाजपा सरकार अल्पमत में आ चुकी है। इसलिए हरियाणा में तुरंत राष्ट्रपति शासन लागू करके विधानसभा चुनाव करवाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि जनभावना को ध्यान में रखकर सही समय पर लिया गया सही फैसला रंग जरूर लाएगा। आज जनता ही नहीं, भाजपा को वोट देने वाले और समर्थन देने वाले लोग भी सरकार की नीतियों से दुखी हैं।

### यह बहुमत का गणित

मौजूदा समय में 88 सदस्यीय सदन में बहुमत के लिए भाजपा को 45 का आंकड़ा चाहिए। जिनमें 40 एमएलए भाजपा के खुद के हैं दो निर्दलीय और एक हलोपा के एमएलए का समर्थन भाजपा को है। ऐसे में संख्या 43 तक पहुंचती है, जो बहुमत से दो कम है और सरकार अल्पमत में आ रही है।

**90 सदस्यीय विधानसभा के सदस्यों की संख्या**

| | | |
|---|---|---|
| विधायकों की संख्या | - | 88 |
| भाजपा | - | 40 |
| कांग्रेस | - | 30 |
| जजपा | - | 10 |
| निर्दलीय | - | 6 |
| हलोपा | - | 1 |
| इनैलो | - | 1 |

### गिर गया था कांग्रेस का अविश्वास प्रस्ताव

पूर्व मुख्मयंत्री खट्टर की जगह जब नायब सिंह सैनी हरियाणा के मुख्यमंत्री बने थे, तब 22 फरवरी 2024 को भाजपा सरकार के विरुद्ध कांग्रेस अविश्वास प्रस्ताव लेकर आई थी। उस समय निर्दलीय विधायकों के सहयोग और समर्थन के चलते भाजपा बहुमत साबित करने में कामयाब हो गई थी। जजपा के कुछ विधायकों ने भी भाजपा सरकार को अपना समर्थन दिया था, जिस कारण भाजपा व जजपा का गठबंधन टूटने के बावजूद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार को कोई खतरा नहीं पहुंचा था।

### 22 अगस्त तक नहीं लाया जा सकता अविश्वास प्रस्ताव

संवैधानिक दृष्टि से 22 फरवरी के बाद से अगले छह माह तक नायब सिंह सैनी की सरकार के विरुद्ध कोई अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया जा सकता। इस हिसाब से अल्पमत में होने के बावजूद सरकार को 22 अगस्त तक किसी तरह का खतरा नहीं है। हरियाणा में सितंबर-अक्टूबर में विधानसभा चुनाव होने हैं तो ऐसे में सरकार अगस्त में भी विधानसभा भंग कर चुनाव कराने की घोषणा कर सकती है।

### यह बोले सीएम नायब सिंह

तीन निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मुझे यह जानकारी मिली है। विधायकों की कुछ इच्छाएं होती है। कांग्रेस कुछ लोगों की इच्छाओं को पूरा करने में लगी हुई है। अब कांग्रेस को जनता की इच्छाओं से कोई लेना-देना नहीं है।

## सुप्रीम की भ्रामक विज्ञापनों पर रोक

# मशहूर हस्तियां अपना काम जिम्मेदारी से करें

**एजेंसी** | नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने भ्रामक विज्ञापनों पर रोक लगाते हुए मंगलवार को कहा कि किसी उपभोक्ता उत्पाद का प्रचार करते समय मशहूर हस्तियों और सार्वजनिक हस्तियों के लिए जिम्मेदारी से काम करना जरूरी है। शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि विज्ञापन जारी करने की अनुमति देने से पहले, केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम, 1994 की तर्ज पर विज्ञापनदाताओं से एक स्व-घोषणा प्राप्त की जानी चाहिए।

1994 के कानून का नियम 7 एक विज्ञापन कोड निर्धारित करता है। इसमें कहा गया है कि मशहूर हस्तियों द्वारा किए जाने वाले विज्ञापनों को देश के कानूनों के अनुरूप डिजाइन किया जाना चाहिए। न्यायाधीश हिमा कोहली और न्यायाधीश अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों को भ्रामक विज्ञापनों और केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) द्वारा उनके खिलाफ की गई या प्रस्तावित कार्रवाई से अवगत कराने का भी निर्देश दिया।



### SC ने पतंजलि के भ्रामक विज्ञापनों पर की सुनवाई

पीठ ने कहा कि मशहूर हस्तियों, प्रभावशाली लोगों और सार्वजनिक हस्तियों द्वारा किया गया समर्थन उत्पादों को बढ़ावा देने में काफी मदद करता है। शीर्ष अदालत पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के भ्रामक विज्ञापनों से संबंधित मामले की सुनवाई कर रही थी। सुप्रीम कोर्ट यह सुनवाई इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा 2022 में दायर एक याचिका पर की। इस याचिका में पतंजलि और योग गुरु रामदेव द्वारा कोविड टीकाकरण अभियान और चिकित्सा की आधुनिक प्रणालियों के खिलाफ अभियान चलाए जाने का आरोप लगाया गया है।

# वंचित पृष्ठभूमि के निर्दोषों के नाम हिस्ट्रीशीट में न हो: SC

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की पुलिस से यह सुनिश्चित करने को कहा कि निर्दोषों और पिछड़े समुदायों के व्यक्तियों का नाम हिस्ट्रीशीट में नहीं हो। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने स्वतः संज्ञान लेते हुए इस मामले की कार्रवाई शुरू करते हुए कहा कि सार्वजनिक डोमेन में कुछ अध्ययन उपलब्ध हैं जो 'अनुचित, पूर्वाग्रहपूर्ण और अत्याचारी' मानसिकता का एक पैटर्न प्रकट करते हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि पुलिस अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पिछड़े समुदायों, अजा या अजजा के साथ-साथ सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक रूप से वंचित पृष्ठभूमि के निर्दोष लोगों की हिस्ट्रीशीट में कोई यांत्रिक प्रविष्टि न की जाए।

## चीन को करारा जवाब देने की तैयारी

# दक्षिण चीन सागर में तैनात होंगे पोत, सिंगापुर पहुंचे

**एजेंसी** | नई दिल्ली

नई दिल्ली। दक्षिण चीन सागर को लेकर भारत की नीति भी ज्यादा मुखर होने लगी है। भारतीय नौसेना की पूर्वी कमान के तीन पोत दक्षिण चीन सागर में तैनाती तौर पर सिंगापुर पहुंच चुके हैं। इनमें आइएनएस दिल्ली, आइएनएस शक्ति और आइएनएस किल्तन शामिल हैं। दक्षिण चीन सागर में चीन द्वारा अपनी सैन्य आक्रामकता दिखाने के बीच भारतीय नौसेना ने कहा कि इन तीनों पोतों का सिंगापुर पहुंचना दक्षिण चीन सागर में भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े की परिचालन संबंधी तैनाती का हिस्सा है।



जानकारों के मुताबिक पूर्वी लद्दाख के पास स्थित वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के कुछ हिस्सों को लेकर अप्रैल, 2020 से जारी विवाद को सुलझाने में चीन के अड़ियल रवैये को देखते हुए भारत का रुख भी बदल रहा है। अब पहले के मुकाबले ज्यादा संवाद हो रहा है और नौ सेना के जहाजों का एक दूसरे के बंदरगाहों पर आवागमन भी बढ़ गया है। जानकार भारत और सिंगापुर की नौ सेनाओं के बीच संपर्क व संवाद बढ़ने के पीछे दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती आक्रामक गतिविधियों को भी बताते हैं।

### चीन -फिलीपींस के बीच जारी है गतिरोध

फिलहाल, दक्षिण चीन सागर में चीन की नौसेना का फिलीपींस की नौसेना के साथ गतिरोध चल रहा है। फिलीपींस ने दक्षिण चीन सागर में 'सकेंड थोमस शोअल' पर दावा किया है जिसका चीन ने कड़ा विरोध किया है। चीन दक्षिण चीन सागर के अधिकतर हिस्से पर दावा करता है। फिलीपींस , मलेशिया, ब्रुनेई और ताइवान के भी इस पर दावे हैं

### भारत-सिंगापुर के बीच हैं अच्छे रिश्ते

ज्ञात रहे कि भारत और सिंगापुर के नौ सेना के बीच काफी पहले से अच्छे संबंध हैं जो इन पोतों की यात्रा से और मजबूत होंगे। दोनों देशों की नौ सेनाओं के बीच हाल के वर्षों में संपर्क काफी बढ़ गया है। भारतीय नौसेना की तरफ से बताया गया है कि, 06 मई, 2024 को भारतीय पोतों का सिंगापुर में जबरदस्त स्वागत किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा,इन भारतीय पोतों की इस यात्रा से कई कार्यक्रमों और गतिविधियों के माध्यम से दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक मित्रता और सहयोग को और मजबूती मिलेगी।

### अडाणी समूह का एयरपोर्ट बनाने का प्रस्ताव

इसके ठीक तीन दिन पहले ही भारत का प्रमुख उद्योग समूह अडाणी ग्रुप की कंपनी अडाणी पोर्ट्स स्पेशल इकोनोमिक जोन (एपीएसईजेड) नेदक्षिण चीन सागर के पास फिलीपींस के शहर बातान में एक पोर्ट बनाने और एयरपोर्ट बनाने का प्रस्ताव किया है जिसे फिलीपींस की सरकार की तरफ से जल्द ही मंजूरी दिए जाने के आसार है।

## J&K में सुरक्षा बलों की कार्रवाई

# दस लाख के इनामी समेत दो आतंकी ढेर

**एजेंसी** | जम्मू

दक्षिण कश्मीर के जिला कुलगाम के रेडवानी इलाके में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। इनमें से एक आतंकी लश्कर-ए-तैयबा के ही मुखौटा संगठन टीआरएफ का टॉप कमांडर बासित अहमद डार है। बासित डार ए श्रेणी का आतंकवादी था और 2021 से सक्रिय था। वह श्रीनगर और दक्षिण कश्मीर में सुरक्षा बलों और अल्पसंख्यकों पर हमलों सहित 18 से अधिक मामलों में शामिल था।

आईजीपी कश्मीर वीके बिर्दी ने कहा कि उसके सिर पर 10 लाख रुपए का इनाम था। मौके पर से मलबा हटाने का काम अभी भी जारी है। किसी को भी कश्मीर में चुनाव, शांतिपूर्ण माहौल में खलल डालने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

बिर्दी ने बताया कि सोमवार दोपहर को पुलिस को इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिली थी। पुलिस ने अन्य सुरक्षा बलों के साथ मिलकर घेराबंदी कर दी। मंगलवार सुबह, आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच गहन मुठभेड़ शुरू हो गई जो दोपहर तक चली। मुठभेड़ में बासित डार सहित दो आतंकवादी मारे गए। मारे गए दूसरे आतंकवादी की पहचान की जा रही है।

## ‘जेआईआईएफ शार्क एंजल्स’ में हुए विभिन्न चर्चा सत्र

# ‘राजस्थान ओडिसी’ में चार सौ युवाओं ने सीखे उद्योग के गुर

**बेधड़क.जयपुर।** चार सौ से अधिक युवाओं के साथ सभागार ऊर्जा से भर उठा। जहां इच्छुक युवा उद्यमियों ने अनुभवी एंटरप्रिनियोर्स से उद्यम के गुर सीखे। मौका था राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में जीतो यूथ विंग द्वारा आयोजित हुए दो दिवसीय ‘राजस्थान ओडिसी 4’ कार्यक्रम का। कार्यक्रम के पहले दिन दौरान जीतो शार्क एंजेल्स के दूसरे सीजन के साथ ही विभिन्न चर्चाओं का आयोजन भी किया गया। ‘अवसरों की ओर बाधाएं’ थीम पर पहले सत्र में एक आकर्षक टॉक शो हुआ, जहां जयपुर के पांच प्रमुख व्यवसाय के मालिकों ने अपनी प्रेरणादायक यात्राएं साझा कीं। अभिषेक रानीवाला, अनिरुद्ध काला, अर्चना सुराना, राजेंद्र सेतिया और विकास जैन ने अपने-अपने उद्यमों में सफलता हासिल करने के लिए बाधाओं पर काबू पाने के किस्सों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।





### इनोवेटिव विचारों से किया प्रभावित

अगले सत्र में थीम ‘जेआईआईएफ शार्क एंजल्स’ के अंतर्गत चार होनहार स्टार्टअप-डुअलाइट, टीथफास्ट, फ्लो मोबिलिटी और इवेगो ने अनुभवी उद्यमियों के एक पैनल के सामने अपनी पिच रखी। इन निपुण व्यवसाय मालिकों एवं शाक् र्स में रवि बोराद, विवेक लोढ़ा, संदीप जैन, अभिनव बांठिया और सौरभ बाकलीवाल शामिल थे। जहां सभी स्टार्टअप्स ने अपने इनोवेटिव विचारों से प्रभावित किया।

### नेटवर्किंग मीट में 50 उद्यमी हुए शामिल

कार्यक्रम के अगले दिन भी बिजनेस नेटवर्किंग मीट के साथ जारी रहा, जिसमें 50 से अधिक उद्यमी शामिल हुए। कार्यक्रम का नेतृत्व जीतो यूथ विंग जयपुर के अध्यक्ष अक्षित बाज और मुख्य सचिव चर्चित जैन ने किया। साथ ही विंग से सनी जैन, अनुश्री जैन, वत्सल काला, रुनझुन पाटनी, यश बच्छावत, सूर्यांश जैन, अक्षत कोठारी, अभिषेक जैन, निमित जैन, ईशान जैन, रिदम जैन और मेहुल कर्णावत का सामूहिक प्रयास खास रहा।

## जीआईटीबी 2024 का समापन

# वेडिंग टूरिज्म डेस्टिनेशन को बढ़ावा देने पर फोकस



**बेधड़क | जयपुर**

ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाजार (जीआईटीबी) के 13वें संस्करण का मंगलवार को सीतापुरा स्थित नोवोटेल जयपुर कन्वेंशन सेंटर में ट्रैवल ट्रेड के बीच उत्साह के साथ समापन हुआ। इसमें ‘बायर्स’ और ‘सेलर्स’ दोनों नेटवर्किंग के अवसरों से संतुष्ट नजर आए। यह संस्करण भारत को ‘ग्लोबल वेडिंग टूरिज्म डेस्टिनेशन’ के रूप में बढ़ावा देने के लिए समर्पित था। इस मेगा इवेंट में 52 देशों के कुल 242 प्रमुख इनबाउंड फॉरेन टूर ऑपरेटर्स (एफटीओ) फॉरेन बायर्स के रूप में शामिल हुए। तीन दिवसीय जीआईटीबी का आयोजन राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग, भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा किया गया।

पर्यटन विभाग की प्रमुख शासन सचिव, गायत्री राठौड़ ने कहा कि जीआईटीबी सक्रिय ‘बायर्स’ और ‘सेलर्स’ को आकर्षित करने में बेहद सफल रहा है। दो दिनों के दौरान 10,000 से अधिक पूर्व-निर्धारित बी2बी बैठकें आयोजित की गईं। मेजबान राज्य राजस्थान सहित 10 राज्यों की भागीदारी से पता चलता है कि मार्ट ने पूरे देश में अपनी विशिष्ट पहचान बना ली है। मार्ट में भाग लेने के लिए 52 देशों से 242 एफटीओ आए। जीआईटीबी का यह संस्करण विशेष रूप से वेडिंग्स को बढ़ावा देने के लिए समर्पित था, जिसके परिणामस्वरूप नेटवर्किंग सार्थक रही। फिक्की टूरिज्म एंड कल्चरल कमेटी, चेयरमैन, दीपक देवा ने कहा कि ट्रैवल ट्रेड प्रोफेशनल्स ने मीटिंग्स में विचारों का आदान-प्रदान किया और नए व्यावसायिक अवसर तलाशे। एफएचटीआर और एचआरएआर अध्यक्ष, कुलदीप सिंह चंदेला ने कहा कि जीआईटीबी जैसे आयोजनों से इनबाउंड टूरिज्म को बढ़ावा मिलता है।

आईएचएचए के महासचिव, गज सिंह अलसीसर ने कहा कि जीआईटीबी ‘स्टैंड-अलोन’ होटलों के लिए एक उत्कृष्ट नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म है। राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (राटो) के प्रेसिडेंट, महेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि मार्ट में आए बायर्स के लिए फैम टूर बुधवार को सीतापुरा में नोवेटेल कन्वेंशन सेंटर से सुबह 8.30 बजे शुरू होगा।

## City इवेंट्स

### चैंपियन मेकर ने जीता मैच



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के बैनर तले मंगलवार को मेवो कॉलेज अजमेर में फुटबॉल लीग प्रतियोगिता के 72 मैचों में से 59 नंबर का मैच गया। राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि मैच में चैंपियन मेकर फुटबॉल क्लब व सनराइस फुटबॉल क्लब के बीच मुकाबला हुआ। इसमें दोनों ही टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। पहले हॉफ में मिले 2 गोलों की बदौलत चैंपियन मेकर फुटबॉल ने यह मैच 4-2 से जीत लिया।

### UBA एसोसिएशन का अधिवेशन 12 को

**बेधड़क. जयपुर।** बैंक एम्पलाइज फेडरेशन आफ इंडिया (बैफी) से संबद्ध यूको बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन का 13वां द्विवार्षिक प्रदेश अधिवेशन 12 मई को टोक रोड, लक्ष्मी मंदिर सिनेमा के पास होटल इडिना में आयोजित किया जाएगा। यूको बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव संजीव जैन ने बताया कि सम्मेलन का उद्घाटन सीटू के उपाध्यक्ष रवींद्र शुक्ला करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूको बैंक राजस्थान के अंचल प्रबंधक राजेश कुमार होंगे। सम्मेलन में शिरकत करने के लिए संगठन के अध्यक्ष संजय कुदेसिया भोपाल, राष्ट्रीय महासचिव कामरेड प्रकाश चंद्र राय ओडिसा, पूर्व महासचिव कमल चंदोपध्याय कोलकाता से आएंगे। सम्मेलन में बैंक कर्मचारियों की समस्याओं, वर्तमान बैंकिग व्यवस्था, प्रस्तावित बैंकिग सुधार आदि विषयों पर चर्चा कर महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए जाएंगे।

### चालीसा पाठ के पोस्टर का विमोचन



**बेधड़क. जयपुर।** सांगानेरी गेट स्थित पूर्व मुखी हनुमान मंदिर पर श्री हनुमान चालीसा प्रबंध समिति के संरक्षक एवं अध्यक्ष अमरनाथ एवं मंदिर महंत मदन मोहन शर्मा के सानिध्य में होने वाले सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के पोस्टर का विमोचन विश्व हिंदू परिषद के प्रांत प्रचारक राजाराम और उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने किया। इस दौरान अरुण खटोड़, अजय यादव, त्रिलोक खंडेलवाल, सरदार राजन सिंह, सुमित खंडेलवाल, राकेश शर्मा, आलोक खंडेलवाल, भंवर लाल शर्मा, आशीष गौतम, महेश बंब, अजय विजयवर्गीय और सुरेंद्र सिंह पुरुवंशी उपस्थित रहे।

## पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने दिया सम्मान

# समर्पण से काम करने पर 5 को ‘कॉन्स्टेबल ऑफ दी मंथ’ अवॉर्ड



**बेधड़क | जयपुर**

कमिश्नरेट के 5 पुलिसकर्मियों को अप्रैल माह में उनके काम के प्रति समर्पण के लिए ‘कॉन्स्टेबल ऑफ दी मंथ’ अवॉर्ड से मंगलवार को सम्मानित किया गया।

पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि कॉन्स्टेबल मुकेश को विधायकपुरी इलाके में ब्लाइंड मर्डर के खुलासा कर गिरफ्तारी करवाने, जयपुर पश्चिम के कॉन्स्टेबल कोमल सिंह को अवैध मादक पदार्थ स्मैक व अफीम बरामद करवाकर तस्करों को अरेस्ट करवाने, जयपुर नॉर्थ के कॉन्स्टेबल हरिओम को विद्याधर नगर में बदमाशों के गाड़ी से पर्स चुराकर भागने पर पीछा कर पकड़ने के साथ ही दो बदमाशों का हुलिया बताने में विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया गया। जयपुर ईस्ट के कॉन्स्टेबल भूपेन्द्र सिंह को विशेष साइबर अनुसार ईकाई के परिवारदी के साथ हुई साइबर ठगी में रुपए रिफंड करवाने और ट्रैफिक के कॉन्स्टेबल विजय कुमार को त्योहारों, विधानसभा और लोकसभा चुनाव के दौरान आयोजित महारैली के लिए पुलिस की कार्ययोजना के लिए त्रिस्तरीय डायवर्जन प्लान तैयार करने पर सम्मनित किया गया है।

## कोलाज ऑफ किलकारी के पोस्टर का विमोचन

# वर्कशॉप में निखरेगी बच्चों की क्रिएटिविटी और पर्सनेलिटी




**बेधड़क | जयपुर**

कोलाज ऑफ किलकारी के पोस्टर का विमोचन कला, संस्कृति और पर्यटन की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने किया।

इसके साथ ही मुख्य सचिव सुधांशु पंत ने खास इस चिल्ड्रेन्स-टींस व्यक्तित्व विकास पर आधारित थिएटर वर्कशॉप के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने जयपुर शहर और जयपुर ग्रामीण के चार सेंटर्स पर 19 मई से शुरू होने वाली इस खास वर्कशॉप को बच्चों और किशोरों के वैल्यू एजुकेशन, आर्ट एजुकेशन, क्रिएटिव डेवलपमेंट और पर्सनेलिटी डेवलपमेंट के लिए उम्दा बताया।

पिछले सिक्सटीन इयर्स से चल रही इस वर्कशॉप के सफल होने में इससे जुड़े राजस्थान ललित कला अकादमी, रवींद्र मंच और क्यूरियो टीम की सराहना की। इस वर्कशॉप में सहयोगी रवींद्र मंच की प्रबंधक राज्य प्रशासनिक सेवा की वरिष्ठ अधिकारी सोविला माथुर द्वारा भी कोलाज ऑफ किलकारी के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राजस्थान ललित कला अकादमी के सचिव डॉ. रजनीश हर्ष, क्यूरियो टीम के रोलिका, गगन और आशीष मौजूद रहे।

**भावी योजना** राजस्थान में ईको सिस्टम डवलपमेंट पर रहेगा फोकस

# एंटरप्रेन्योर्स के लिए फोर्टी वुमन विंग बनेगा विकास का मंच

**बेधड़क | जयपुर**

‘महिलाएं आज हर क्षेत्र में कामयाब हैं और अपनी क्षमताओं का वे बखूबी प्रदर्शन कर भी रही हैं, लेकिन राजस्थान में विमन एंटरप्रेन्योर्स के लिए ईको सिस्टम डवलप किए जाने की सख्त जरूरत है। इसे विकसित करने पर फोर्टी विमन विंग का पूरा फोकस रहेगा। बिजनेस और स्टार्टअप कम्यूनिटी के बीच नेटवर्किंग, अपस्केलिंग और सिंगल विंडो सिस्टम बनाकर ही फोर्टी विमन विंग महिला उद्यमियों के लिए विकास का मंच तैयार करेगा।’ यह कहना है फैडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री (फोर्टी) की महिला इकाई फोर्टी विमन विंग की नवनियुक्त प्रेसिडेंट डॉ. अलका गौड़ का। गौड़ ने कहा कि महिला उद्यमियों के लिए बिजनेस इकोसिस्टम विकसित करने पर उनका विशेष फोकस रहेगा। सरकार की नीतियों से महिला उद्यमियों को अवगत कराने के लिए अलग-अलग वर्टिकल में नेटवर्किंग की जाएगी एवं महिला उद्यमियों के लिए विभिन्न विभागों में सिंगल विंडो सिस्टम स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा।



### नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे संवाद सत्र

गौड़ ने बताया कि प्रदेश में विलेज इको टूरिज्म क्षेत्र में बड़ी कारोबारी संभावनाएं मौजूद हैं और इस क्षेत्र में महिला उद्यमियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए सरकार के साथ संवाद स्थापित किया जाएगा। आगामी कार्यकाल में महिला उद्यमियों को सरकार की नीतियों से अवगत कराने के लिए नियमित रूप से संवाद सत्र आयोजित करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि फोर्टी वूमेन विंग में कोर कमेटी मेंबर्स के तौर पर 261 विमन एंटरप्रेन्योर्स जुड़ी हुई हैं और सामान्य सदस्य के तौर पर 40,000 महिलाएं जुड़ी हुई हैं। उनका प्रयास रहेगा कि उनके एक वर्ष के कार्यकाल में अधिक से अधिक महिलाओं को फोर्टी वूमेन विंग के साथ जोड़ा जाए।

### महिलाओं के लिए चलाएंगे जागरूकता कार्यक्रम

उन्होंने राजस्थान के अन्य क्षेत्रों में फोर्टी वूमेन विंग की उपस्थिति बढ़ाने, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए महिला उद्यमियों के साथ संवाद स्थापित करने, ट्रेड शो आयोजित करने, जयपुर आर्टिस्ट फेस्टिवल के माध्यम से राजस्थान के कलाकारों को सशक्त करने, फाइनेंस, मीडिया मैनजमेंट और लीगल अवेयरनेस जैसे विषयों पर महिलाओं को जागरूक करने हेतु कार्यक्रम आयोजित करने जैसे कार्यों के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई है। वे कहती हैं कि दूरस्थ क्षेत्रों की महिला उद्यमियों के डिजिटलाइजेशन, वेबसाइट के माध्यम से सपोर्ट सिस्टम, सरकार से विमन एंटरप्रेन्योर्स के लिए अलग से विंडो क्लियरेंस बनवाने पर जोर दिया जाएगा।

सुबह को जो सबसे ख़ास बनाता है,
वो सूरज नहीं, एक उम्मीद है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ,
सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



## मिस्र से सटे बॉर्डर पर किया कब्जा, 20 हमास लड़ाकों को मार गिराया

# राफा में टैंक लेकर घुसे इजराइली सैनिक



**तेल अवीव।** हमास के सीजफायर समझौते स्वीकार करने के बाद मंगलवार को इजराइली सेना टैंक लेकर दक्षिणी गाजा के राफा इलाके में घुस गई। उसने मिस्र से सटी गाजा की सीमा पर कब्जा कर लिया है। इजराइल ने दावा किया है कि उन्होंने 20 हमास लड़ाकों को मार गिराया। सैनिकों को इलाके में हमास की 3 सुरंगें मिली हैं।

हमास द्वारा दी गई सीजफायर मंजूरी के बाद इजराइली सेना ने गाजा पट्टी के राफा शहर में सैन्य अभियान शुरू कर दिया। इजराइली सेना ने मंगलवार को कहा कि उसने राफा सीमा के उस पार के गाजा क्षेत्र को अपने नियंत्रण में ले लिया है। दरअसल हमास ने सात महीने से चल रहे युद्ध को खत्म करने के उद्देश्य से मिस्त्र और कतर की मध्यस्थता में पेश किए गए सीजफायर प्रस्ताव को मंजूर कर लिया था। मंगलवार की सुबह इजराइली रक्षा बलों ने ऐलान कर दिया कि वह पूर्वी राफा में हमास के आतंकी ठिकानों पर लक्षित हमले कर रहे हैं। इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने केरेम शालोम सीमा पार पर हमास के रॉकेट हमले के जबाव में शहर पर हमला करने के बाद पूर्वी राफा के लगभग 1 लाख निवासियों को शहर खाली करने का आदेश दिया है।

### सीजफायर समझौते से सहमत नहीं है प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू

फिलिस्तीनी और मिस्र के अधिकारियों का हवाला देते हुए एक रिपोर्ट में कहा कि इजराइली टैंकों ने गाजा में हमास के आखिरी गढ़ राफा में एंट्री कर ली है। हमास ने इस प्रस्ताव को लेकर बयान जारी करते हुए बताया कि उनके पॉलिटिकल ब्यूरो के प्रमुख इस्माइल हनियेह ने हमास ने सीजफायर के प्रस्ताव को मंजूर कर लिया है। हालांकि, इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि यह समझौता देश की मांगों के अनुरूप नहीं है और वह एक समझौते पर पहुंचने के प्रयास में वार्ताकारों से मिलने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल भेजेगा।


## मॉस्को के ग्रैंड क्रेमलिन पैलेस में 33 शब्दों में ली शपथ

# 5वीं बार रूस के राष्ट्रपति बने व्लादिमीर पुतिन

**एजेंसी** | मॉस्को

पांचवीं बार रूस के राष्ट्रपति बने व्लादिमीर पुतिन ने मॉस्को के ग्रैंड क्रेमलिन पैलेस में 33 शब्दों में अपने पद की शपथ ली। खास बात यह है कि इसी जगह पर रूस के जार परिवार के तीन राजाओं (एलेक्जेंडर 2, एलेक्जेंडर 3 और निकोलस 2) की ताजपोशी हुई थी। पुतिन की शपथ और राष्ट्रगान के बाद सेना ने उन्हें 21 तोपों की सलामी दी। पुतिन ने इससे पहले साल 2000 में पहली बार राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी। इसके बाद से 2004, 2012 और 2018 में भी वे राष्ट्रपति बन चुके हैं। शपथ ग्रहण के बाद समारोह को संबोधित करते हुए पुतिन ने कहा कि रूस का नेतृत्व करना एक पवित्र कर्तव्य है।

उन्होंने कहा कि इस कठिन अवधि के बाद रूस एक बार फिर मजबूती के साथ उभरेगा। पुतिन ने कहा कि रूस अन्य देशों के साथ संबंध विकसित करने के लिए तैयार है। रूस को हर खतरे और चुनौती को मुहंतोड़ जबाव देने के लिए तैयार होना होगा। पुतिन ने कहा कि हम और मजबूत होंगे और उन देशों के साथ रिश्ते मजबूत करेंगे जो हमें दुश्मन समझते हैं। पुतिन के शपथ ग्रहण समारोह का अमेरिका, ब्रिटेन और कई यूरोपीय देशों ने बहिष्कार किया है।



### पुतिन ने ये कही खास बातें

पुतिन ने अपने संबोधन कहा कि हम पश्चिमी देशों के साथ बातचीत के लिए तैयार हैं। यह उन पर निर्भर करता है कि वे हमसे बातचीत करना चाहते हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देशों ने लगातार रूस में विकास को रोकने की कोशिश की है। वे सालों से हमारा खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाते आए हैं। लेकिन हम यूरोप और एशिया में अपने सहयोगी देशों के साथ मिलकर मल्टीपोलर वर्ल्ड ऑर्डर के लिए काम करते रहेंगे। हम चाहते हैं कि सभी देशों के पास एक जैसी सुरक्षा व्यवस्था हो। आजादी और एकता बनाए रखने के लिए रूस का सोशल-पॉलिटिकल सिस्टम लचीला होना चाहिए। हमें हर वक्त किसी भी चुनौती या खतरे के लिए तैनात रहना होगा।

### शपथ ग्रहण में शामिल हुए ये लोग

समारोह में रूस की फेडरेल काउंसिल के सदस्य (सीनेट के सांसद), स्टेट डूमा के सदस्य (निचले सदन के सांसद), हाईकोर्ट के जज, अलग-अलग देशों के राजदूत और डिप्लोमैटिक कॉर्प्स शामिल हुए। 2018 में पुतिन के चौथे शपथ ग्रहण में जर्मनी के पूर्व चांसलर जेरहार्ड श्रोडर समेत करीब 6 हजार लोग मौजूद रहे थे। इसका लाइव टेलीकास्ट भी किया गया था। समारोह के बाद रूस के ऑर्थोडॉक्स चर्च के प्रमुख पेट्रिआर्क राष्ट्रपति के साथ कैथेड्रल चर्च में प्रार्थना की। यह प्रथा साल 1498 से जारी है। सेरेमनी की शुरुआत में रूस का प्रेसिडेंशियल बैंड वही धुन बजाता है, जो 1883 में एलेक्जेंडर 3 की ताजपोशी के वक्त बजाई गई थी।



### संविधान की कॉपी पर हाथ रखकर शपथ लेते हैं राष्ट्रपति

रूस के नए राष्ट्रपति संविधान की कॉपी पर दाहिना हाथ रखकर पद की शपथ लेते हैं। इसके बाद कॉन्स्टीट्यूश्नल कोर्ट के अध्यक्ष उन्हें चेन ऑफ ऑफिस देते हैं और राष्ट्रपति की शपथ पूरी होने की घोषणा करते हैं। क्रेमलिन पैलेस में राष्ट्रगान होता है। इस दौरान राष्ट्रपति पैलेस के गुंबद पर 'रशियन स्टैंडर्ड ऑफ द प्रेसिडेंट' का झंडा फहराया जाता है।

## चीन-बांग्लादेश सैन्य अभ्यास

# ड्रैगन की सेना की ढाका में एंट्री

**एजेंसी** | बीजिंग

चीन और बांग्लादेश इस महीने भारत के पड़ोस में अपना पहला संयुक्त सैन्य अभ्यास करेंगे। चीन-बांग्लादेश गोल्डन फ्रेंडशिप 2024 संयुक्त अभ्यास की घोषणा करते हुए चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल वू कियान ने कहा कि यह अभ्यास संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना आतंकवाद विरोधी अभियानों पर आधारित है।

उन्होंने कहा कि इस अभ्यास में दोनों देश बसों में बंधकों को छुड़ाने और आतंकवादी शिविरों को नष्ट करने जैसे मिशन को अंजाम देंगे। इस अभ्यास का ऐलान बांग्लादेशी प्रधानमंत्री शेख हसीना के चीन दौरे से पहले किया गया है। हालांकि, हसीना चीन जाने से पहले भारत की यात्रा भी करने वाली हैं। भारत ने पहले से ही बांग्लादेश के चीन के साथ बढ़ते सैन्य संबंधों पर नजर बनाए रखी है। चीन की सैन्य रणनीति में अंतरराष्ट्रीय संयुक्त सैन्य अभ्यास में शामिल होने को विदेश में सैन्य शक्ति के उपयोग के एक महत्वपूर्ण पहलू के रूप में देखा जाता है। रणनीतिकार इसे गैर-युद्ध सैन्य अभियान के अंतर्गत वर्गीकृत करते हैं।

ये अभ्यास, चाहे द्विपक्षीय रूप से आयोजित किए जाएं या बहुपक्षीय रूप से, आमतौर पर अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में कठोर शक्ति के नरम उपयोग के रूप में माने जाते हैं।



### बांग्लादेश का मजबूत सैन्य सहयोगी बना चीन

चीन, बांग्लादेश का एक महत्वपूर्ण सैन्य सहयोगी बनकर उभरा है। इसने बांग्लादेश नौसेना को 2016 में 205 मिलियन डॉलर की रियायती कीमत पर दो पुरानी पनडुब्बियां प्रदान की है। इसके अलावा, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने पिछले साल 1.21 बिलियन डॉलर के चीन कर्ज से निर्मित पनडुब्बी बेस का उद्घाटन किया था। बांग्लादेश के साथ चीन के मजबूत संबंध, विशेष रूप से नौसैनिक सहयोग, 2002 के रक्षा सहयोग समझौते से उपजे हैं, जिसमें सैन्य प्रशिक्षण और रक्षा आपूर्ति शामिल है।

## चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग ने फेइहोंग के नाम पर लगाई मुहर

# 18 माह बाद भारत में चीन का नया राजदूत

**एजेंसी** | बीजिंग

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने जू फेइहोंग को भारत में नया राजदूत नियुक्त किया है। पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध के बाद से दोनों देशों के बीच रिश्तों में खटास पैदा हो गई थी। अब 18 महीने के बाद चीन ने जू फेइहोंग को भारत में नया राजदूत बनाकर कुछ अलग संकेत दिया है। हालांकि इस बारे में चीन की तरफ से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन चीनी विदेश मंत्रालय ने इस बात की पुष्टि की है। यह तय हो गया कि अफगानिस्तान और रोमानिया के पूर्व राजदूत रह चुके फेइहोंग अब भारत में चीन के राजदूत होंगे। बताया जा रहा है कि 60 वर्ष फेइयोंग जल्द ही दिल्ली का दौरा कर सकते हैं।

इससे पहले अक्टूबर, 2022 में सुन वेईडोंग ने भारत में चीन के राजदूत के रूप में अपना कार्यकाल खत्म किया था। भारत से पहले वेईडोंग पाकिस्तान में चीन के राजदूत रहे हैं।






सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl